

द्वितीय दिन - ब्रह्मचारिणी: आत्म-अनुशासन और तपस्या का संदेश देती हैं।

दैनिक

# बढ़ता राजस्थान

संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर, कोटा, उदयपुर एवं जोधपुर

RNI NO. RAJHIN/2010/35060

कदम बढ़ाएं, सच के साथ



शारदीय नवरात्रि की हार्दिक शुभकानाएं

वर्ष : 15 | अंक : 320 | पृष्ठ : 10 | मूल्य : ₹ 2.00

जयपुर । मंगलवार, 23 सितंबर 2025 । आश्विन, शुक्ल पक्ष, द्वितिया संवत् - 2082

भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत

www.badhatarajasthan.in · badhatarajasthan@yahoo.com · badhatarajasthan.dainik · badtarajasthan


### कारोबार में 50 प्रतिशत तक उछाल

## जीएसटी 2.0 और नवरात्रि से दिल्ली के बाजारों में लौटी रौनक

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** जीएसटी 2.0 को लेकर बाजार में उत्साह का माहौल है। नवरात्रि के पहले दिन बाजार खरीदारों से गुलजार रहे।

खासकर किराना के साथ घर के जरूरी सामान, घरेलू इस्तेमाल के बर्तन, स्मार्ट फोन व टीवी समेत अन्य इलेक्ट्रॉनिक्स आइटमों तथा परिधानों की खरीदारी से दुकानों में रौनक रही।

इसी तरह, दो पहिया व चार पहिया वाहनों के शो रूम में खरीदारी संबंधित पूछताछ के मामले 50 प्रतिशत से अधिक बढ़े। विशेष बात कि कई दुकानों व रेस्तरां में जीएसटी दर कटौती से मिलने वाले लाभ की सूची चस्पा की गई है। क्योंकि, बाजार इस कटौती को ग्राहकों को आकर्षित करने के बड़े मौके के रूप में देख रहा है। वहीं, सोमवार को कई ग्राहक दुकानों पर यह जानने के लिए भी पहुंचे कि जीएसटी दर में कटौती का वास्तविक लाभ उन्हें दुकानदार दे रहे हैं कि नहीं। ऐसे में चांदनी चौक, करोलबाग, लक्ष्मी नगर, सदर बाजार, खान मार्केट, लाजपत नगर, साउथ एक्स, समेत अन्य बाजारों में आम दिनों के मुकाबले अधिक रौनक रही। इस बीच, कारोबारी संगठन चैंबर आफ ट्रेड एंड इंडस्ट्री (सीटीआई) ने कश्मीरी गेट से दुकानदारों को जागरूक करने के लिए पोस्टर अभियान शुरू किया। जिसमें विभिन्न वस्तुओं के पूर्व और वर्तमान जीएसटी के साथ उपभोक्ताओं को होने वाले लाभ की जानकारी दी जा रही है। सीटीआई के चेयरमैन बृजेश गोयल ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य दुकानदारों तथा ग्राहकों को जीएसटी दर में कटौती के लाभ की जानकारी देना है।



### मोती डूंगरी गणेश मंदिर पर बड़ी संख्या में पूजा के लिए पहुंचे चोपहियां-दोपहिया वाहन

जीएसटी कटौती से दोपहिया वाहन से लेकर कार के दामों में कमी आई है। छोटी और बड़ी कारों को बनाने वाली कंपनी खासकर मारुति, टाटा मोटर्स, टोयोटा और हुंडई मोटर्स ने अपनी कारों की कीमत कम करने की घोषणा की है, जो आज से लागू हो गई। पिछले कई दिनों से बाजार में रौनक नहीं देखी जा रही थी लेकिन अब जीएसटी की नई दर के कारण ग्राहक दुकानों पर आने लगे हैं और गाड़ियां बुक होने लगी है। जयपुर में नए वाहनों को खरीदने के बाद लोग अपने परिवार के साथ मोती डूंगरी गणेश मंदिर पहुंचे। जहां नए वाहनों की पूजा अर्चना की गई। हजारों की संख्या में यहां दोपहिया और चौपहिया वाहनों की पूजा करवाई गई।

### इलेक्ट्रॉनिक सामान के व्यापारी बोले-पिछले दो-तीन दिनों से थी मंदी

जीएसटी में कटौती के बाद टीवी, फ्रीज, एसी के दाम में कमी देखी जा रही है। अलग-अलग मॉडल पर दाम के अनुसार लगने वाले जीएसटी की दरों में कटौती का लाभ, आम उपभोक्ता को मिलने लगा है। नवरात्रि के पहले दिन जयंती बाजार, राजापार्क सहित शहर के इलेक्ट्रॉनिक मार्केट और दुकानों, शोरूमों में सुबह से देर शाम तक ग्राहकों की आवाजाही रही। टीवी व एसी में दस प्रतिशत की राहत मिली है। ऐसे में ग्राहक खुश है और व्यापारियों को भी कोई नुकसान नहीं है। इसका जीएसटी में इनपुट मिल जाएगा। कईयों ने खरीद कर ली और कईयों ने बुकिंग कराई है, ताकि आगामी दिनों में ले जा सके।

## मुख्यमंत्री ने जीएसटी बचत उत्सव के तहत लोगों को किया जागरूक

बढ़ता राजस्थान




**जयपुर।** मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार द्वारा जीएसटी (वस्तु एवं सेवा कर) सरलीकरण तथा टैक्स स्लैब में परिवर्तन का निर्णय ऐतिहासिक हैं। उन्होंने कहा कि देशवासियों को त्योहारों के अवसर पर दी गई इस बड़ी सौगात से रोटी, कपड़ा और मकान सस्ते होंगे और आमजन को बड़ी राहत मिलेगी।

श्री शर्मा ने सोमवार को मानसरोवर क्षेत्र के प्रमुख बाजारों में व्यापारियों एवं आमजन को जीएसटी बचत उत्सव के तहत जागरूक किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न प्रतिष्ठानों पर जीएसटी बचत उत्सव से संबंधित स्टीकर्स लगाए तथा लोगों को स्वदेशी उत्पाद अपनाने के लिए प्रेरित किया। उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी आमजन के प्रति संवेदनशील हैं। उन्होंने जनता की परेशानी को समझते हुए 22 सितंबर से लागू नए जीएसटी स्लैब के माध्यम से मध्यम वर्ग, किसान, व्यापारी एवं उद्योगपतियों सहित सभी वर्गों को राहत दी हैं। जीएसटी के नए प्रावधानों के तहत अब अधिकांश वस्तुएं 4 की बजाय 2 टैक्स स्लैब के दायरे में आएंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार जीएसटी बचत उत्सव के तहत 22 से 29 सितंबर तक विशेष जन-जागरूकता अभियान चला रही है।






## नक्सलियों ने शांति वार्ता से इनकार किया: कहा-हथियार नहीं छोड़ेंगे



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली, (एंजेन्सी)।** नक्सलियों की केंद्रीय समिति और दंडकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी ने शांति वार्ता की संभावनाओं को खारिज कर दिया है। सोमवार को जारी संयुक्त प्रेस नोट में दोनों संगठनों ने स्पष्ट किया कि वे हथियार नहीं छोड़ेंगे और शांति वार्ता में शामिल नहीं होंगे। केंद्रीय समिति के प्रवक्ता अभय और दंडकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी के प्रवक्ता विकल्प ने संयुक्त बयान जारी किया। उन्होंने कहा कि अभय के नाम से पोलित ब्यूरो सदस्य सोनू ने पत्र जारी किया था। यह सोनू का व्यक्तिगत फैसला है। केंद्रीय समिति का इससे कोई लेना-देना नहीं है।

### नक्सलियों की केंद्रीय समिति ने प्रेस नोट में लिखा

हमारी पार्टी का पोलित ब्यूरो सदस्य कामरेड सोनू द्वारा अभय के नाम से 17 सितंबर से मीडिया में जारी किया गया प्रेस नोट और ऑडियो फाइल पूरी तरह से उनका व्यक्तिगत निर्णय है। इस बयान में कहा गया था कि माओवादी संगठन बदलती परिस्थितियों को देखते हुए हथियार छोड़कर मुख्यधारा में शामिल होने का फैसला ले रहा है। सोनू ने यह भी दावा किया था कि यह फैसला पार्टी के शहीद महासचिव बसव राजू द्वारा की गई शांति वार्ता की कोशिशों का हिस्सा है।

## पाकिस्तान एयरफोर्स ने अपने ही लोगों पर बमबारी की:महिलाओं-बच्चों समेत 30 की मौत

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली, (एंजेन्सी)।** पाकिस्तानी वायुसेना ने रविवार रात 2 बजे अपने ही देशवासियों पर चीन के J-17 विमानों से 8 लेजर-गाइडेड बम गिराए। पाकिस्तानी वायुसेना ने यह हमला खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के तिराह घाटी के एक गांव पर किया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस हवाई हमले में करीब 30 लोग मारे गए, जिनमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। हालांकि, न्यूज एजेंसी PTI ने 24 लोगों के मारे जाने की बात कही है। इस हमले से जुड़े कुछ वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हैं, लेकिन उनकी पुष्टि नहीं हो पाई है। सेना का कहना है कि इन हमलों का टारगेट तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (TTP) का बम बनाने वाला ठिकाना था। लोकल पुलिस ने मीडिया को बताया कि TTP के दो कमांडर, अमान गुल और मसूद खान बम बनाकर मस्जिदों में छिपा रहे थे।



### आरोप- सेना पुख्ता जानकारी के बिना हमले कर रही

इलाके के लोगों का कहना है कि सरकार और सेना पुख्ता जानकारी के बिना हमले कर रही है, जिससे आम लोग मर रहे हैं। पाकिस्तान के मानवाधिकार आयोग (HRCP) ने इस घटना की तुरंत और निष्पक्ष जांच की मांग की है। HRCP ने अपने बयान में कहा- सरकार का काम है कि वह हर नागरिक की जान की रक्षा करे, लेकिन वह ऐसा करने में बार-बार नाकाम रही है। डॉन न्यूज ने एक पुलिस अधिकारी के हवाले से बताया कि जेट विमानों ने चार घरों पर हमला किया, जो पूरी तरह से तबाह हो गए। हालांकि, यह साफ नहीं है कि यह हमला किसने किया। खैबर के सांसद मोहम्मद इकबाल खान अफरीदी ने कहा कि जेट्स की बमबारी में नागरिक मारे गए हैं। उन्होंने लोगों से घटनास्थल पर जाकर विरोध करने को कहा।

### आमजन को वर्षाकाल में आवागमन में होगी सुविधा

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने महारानी फार्म-मानसरोवर लिंक ब्रिज का किया लोकार्पण

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने सोमवार को मानसरोवर क्षेत्र में महारानी फार्म-मानसरोवर लिंक ब्रिज के नवीनीकरण कार्य का फीता खोलकर लोकार्पण किया। लगभग 6 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से पुलिया के नवीन निर्माण कार्य के अंतर्गत बॉक्स कल्वर्ट पद्धति से इसकी ऊंचाई 2 मीटर तक बढ़ाई गई है। इससे वर्षाकाल में पुलिया पर द्रव्यवती नदी के जल का बहाव नहीं होने से पुलिया पर यातायात सुचारू होगा तथा आमजन को बड़ी राहत मिलेगी। उल्लेखनीय है कि दुर्गापुरा टोंक रोड़ क्षेत्र को मानसरोवर से जोड़ने वाली यह पुलिया महारानी फार्म एवं अग्रवाल फार्म के मध्य द्रव्यवती नदी पर स्थित है। पूर्व में इस पुलिया की ऊंचाई कम होने के कारण वर्षाकाल में नदी का पानी पुलिया के ऊपर से बहकर निकलता था, जिससे यातायात अवरूद्ध हो जाता था। आमजन को इससे होने वाली परेशानी को देखते हुए मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने पुलिया की ऊंचाई बढ़ाने के निर्देश दिए थे। इस अवसर पर नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री झाबर सिंह खर्रा, नगर-निगम ग्रेटर उप-महापौर पुनीत कर्णावट सहित जेडीए एवं संबंधित विभागों के उच्चाधिकारी उपस्थित रहे।







## अग्रवाल समाज द्वारा महाराज अग्रसेन की 5149 वीं जयंती पर 1100 महिलाओ की निकाली भव्य कलश यात्रा



**बढ़ता राजस्थान, हिंडौन सिटी (अंशु गुप्ता)।** अग्रवाल समाज द्वारा सोमवार को सुबह 9 बजे कंबलवालो की बगीची से निकाली 1100 महिलाओ की भव्य कलश यात्रा अग्रवाल समाज के अध्यक्ष सतेंद्र आर्य और महामंत्री एडवोकेट लक्ष्मण गोयनका ने बताया कि अग्रसेन जयंती को भव्य बनाने हेतु महिलाओं ने एक ही रंग के ड्रेस कोड पहनकर सिर पर कलश धारण किया तथा भव्य झांकियां के साथ साथ अग्रवाल युवा संगठन द्वारा एक विशाल मोटरसाइकिल रैली और दो गुड सवार और महाराजा अग्रसेन रथ के साथ आकर्षक झलकियां मन मोह रही थी तथा शोभा यात्रा मै कई स्थानों पर पुष्प वर्षा की गई निशुल्क सहभोज मे 15000 से अधिक अग्र बंधु और महिलाएं शामिल हुऐ जो की प्रसिद्ध हलवाईयों की टीम द्वारा स्वादिष्ट सहभोज तैयार किया गया जिसमें 35 से अधिक हलवाई एवं सहयोगियों द्वारा बनाया गया जिसमें अनेकों भ_यिां लगाई गई हैं व 75 साल से ऊपर के बुजुर्गों का सम्मान किया गया और नव नियुक्त अग्रवाल कर्मचारियों का जयंती के दिन सम्मान किया गया तथा विद्यार्थियों का 90 से ज्यादा अंक लाने वाले बच्चों का सम्मान किया गया तथा जयंती के दिन अग्रवाल भामाशाहों का सम्मान किया गया तथा ज्यादा तर अग्र बंधुओं ने अपने निवास व प्रतिष्ठान पर दीप जलाए गए और जयंती को धूम धाम से मनाया गया।

## प्रागपुरा में रामलीला का मंचनः धनुष यज्ञ और सीता स्वयंवर की लीला ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया


**बढ़ता राजस्थान, पावटा (सुशील कुमार बंसल)।** कस्बे के रामलीला मैदान में आदर्श रामलीला मंडल प्रागपुरा के तत्वावधान में आयोजित रामलीला मंच पर रविवार की रात धनुष यज्ञ और सीता स्वयंवर लीला का मंचन हुआ। इस लीला में भगवान श्रीराम ने शिवजी के धनुष को तोडक़र माता सीता का हाथ अपने हाथों में लिया। लीला का शुभारंभ राजा जनक द्वारा स्वयंवर आयोजित करने से होता है। कई राजा समारोह में मौजूद होते हैं। राजा जनक की शर्त के अनुसार सभी राजा शिवजी का धनुष तोडऩे का प्रयास करते हैं, लेकिन कोई भी तोडऩा तो दूर धनुष को उठा भी नहीं पाता। इससे राजा जनक मायूस हो जाते हैं। इस पर राजा जनक कहते हैं कि लगता है कि यह धरती वीरों से खाली हो गई है। राजा जनक की यह बात लक्ष्मण जी को काफी नागवार गुजरती है। वह राजा जनक से कुछ कहने को होते है, लेकिन भगवान श्रीराम उन्हें शांत होने का इशारा कर देते हैं। राजा जनक की मायूसी देखकर ऋषि विश्वामित्र के इशारा करने पर भगवान श्रीराम शिवजी के धनुष को उठाकर तोड़ देते हैं। माता सीता भगवान श्रीराम के गले में वरमाला डाल देती हैं। धनुष यज्ञ की लीला मंचन में राम का किरदार अभिषेक, लक्ष्मण की भूमिका में हरीश, रावण का सौरव शर्मा, बाणासुर शक्ति सिंह शेखावत, जनक मुकेश शर्मा, परशुराम झाबर मल शास्त्री, विश्वामित्र सोनू जांगिड़, शतानंद विष्णु टांक, राजा बद्री प्रसाद सैनी ने निभाया। मंच संचालन अनिल शर्मा ने किया। लीला के दौरान दर्शकों ने तालियों की गडग़ड़ाहट से कलाकारों का उत्साह बढ़ाया। दर्शकों ने लीला के माध्यम से भगवान श्रीराम की जीवन गाथा को समझा और उनकी भक्ति में डूब गए। आयोजकों ने सभी कलाकारों और दर्शकों का आभार व्यक्त किया। डायरेक्टर राधेश्याम जांगिड़, अध्यक्ष राजेंद्र सोनी, व्यवस्थापक राजेंद्र जांगिड़, मन्नालाल सैनी समेत ग्रामीणों ने लीला के आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।



## रोटरी क्लब ऑफ उदयपुर उद्यम ने 75 शिक्षकों को सम्मानित किया

**बढ़ता राजस्थान, उदयपुर (नि.स.)।** रोटरी क्लब ऑफ उदयपुर उद्यम ने सोमवार को आयोजित एक समारोह में शिक्षा के क्षेत्र उल्लेखनीय उपलब्धि अर्जित करने वाले 75 शिक्षकों को सम्मानित किया। क्लब के अध्यक्ष वैभव शर्मा ने बताया कि सरकारी, निजी और गैर-सरकारी क्षेत्रों के 75 से अधिक शिक्षकों को शिक्षा के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान और अनगिनत छात्रों के भविष्य को आकार देने के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में स्कूल शिक्षा उदयपुर की संयुक्त् निदेशक रंजना कोठारी, डॉ. कैलाश बिजवासी, संस्थापक एवं निदेशक, जतन संस्थान और डॉ. दीपक शर्मा, निदेशक, रॉकवुड्स एवं सीपीएस स्कूल उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में सचिव सीएस जूली मरमट और कोषाध्यक्ष देवेंद्र चैधरी का भरपूर सहयोग मिला। कार्यक्रम की अध्यक्षता पुष्कर चैधरी, सरबिक दास कश्यप और डॉ. सुरभि गांधी ने की।

## सिक्किम में पर्यावरण सुरक्षा व शून्य अपराध प्रेरणादाई-माथुर'



**बढ़ता राजस्थान, उदयपुर (नि.स.)।** सिक्किम के राज्यपाल ओमप्रकाश माथुर ने कहा कि सिक्किम के नागरिकों की पर्यावरण के प्रति सुरक्षा व क्षेत्र में शून्य अपराध देश के प्रत्येक नागरिक के लिए अत्यंत प्रेरणादायक है। यहां पर बच्चों के जन्म पर 108 पौधे लगाने की परंपरा है। माथुर राजभवन में क्षेत्र के वरिष्ठ भाजपा नेता पारस जैन के नेतृत्व में जैन समाज के सिक्किम प्रवास पर पहुंचे 50 सदस्यीय दल से मुलाकात के दौरान चर्चा कर रहे थे। माथुर ने कहा कि सिक्किम की जनता से बहुत कुछ सीखने की आवश्यकता है, यहां पर पूरी कृषि ऑर्गेनिक है। यातायात स्वयं अनुशासित है। सिक्किम की राजधानी गंगटोक में 5 लाख से ज्यादा जनसंख्या होने के बावजूद पूरे राजधानी क्षेत्र में एक ही पुलिस थाना है ,क्योंकि यहां अपराध शून्य है। यहां की संपूर्ण व्यवस्थाओं में महिलाओं की भूमिका महत्वपूर्ण है। इन्हें 50: आरक्षण प्रदान किया गया है।

### कुंवारिया में जोहिडा बावजी का 64वां पांच दिवसीय सांस्कृतिक मेला शुरू

# मेला हमारी अर्थव्यवस्था को मजबूत करते हैं : सांसद महिमा कुमारी मेवाड़

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** जिले के कुंवारिया कस्बे में जोहिडा बावजी का 64वां पांच दिवसीय विशाल सांस्कृतिक मेला सोमवार को विधिवत रूप से प्रारंभ हुआ। मेले के मुख्य अतिथि सांसद महिमा कुमारी मेवाड़ व अन्य अतिथियों का थाली-मानदल के साथ भव्य स्वागत किया गया। सांसद ने फीता काटकर मेले का शुभारंभ किया और जोहिडा बावजी की पूजा-अर्चना कर माल्यार्पण किया।इस अवसर पर सांसद महिमा कुमारी ने पूर्व विधायक निरंजन नाथ आचार्य, पूर्व प्रधान कैप्टन दौलत सिंह तथा सरपंच तेज सिंह डोडिया की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर ध्वजारोहण किया। मंच पर आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए सांसद ने कहा कि मेवाड़ की पहचान मेलों और त्योहारों से है। मेले सामाजिक समरसता के साथ-साथ स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने और अर्थव्यवस्था को मजबूत करने का माध्यम हैं। उन्होंने कहा कि मेलों से आपसी संबंध प्रगाढ़ होते हैं और लोकल फॉर वोकल की परंपरा को आगे बढ़ाया जाता है।सांसद ने कहा कि वर्तमान में पशुओं में लंपी रोग फैलने के कारण यह मेला केवल सांस्कृतिक रूप में आयोजित हो रहा है, लेकिन आने वाले समय में इसे पुनः अपने भव्य स्वरूप में आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मेलों के जरिए विभिन्न समाजों के लोग पारंपरिक वेशभूषाओं और भाषाओं के साथ आपसी संवाद कायम करते हैं, जिससे संस्कृति का आदान-प्रदान होता है।कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला प्रमुख रतनी देवी जाट ने की। विशिष्ट अतिथियों में उपजिला प्रमुख सोहनी देवी गुर्जर, भाजपा जिला अध्यक्ष जगदीश चंद्र पालीवाल, प्रधान अरविंद सिंह राठौड़, उप प्रधान सुरेश चंद्र कुमावत, बीडीओ महेश गर्ग, जिला महामंत्री महेंद्र सिंह, सीईओ ब्रजमोहन बैरवा, थानाधिकारी उदयलाल, एएसआई कमलेन्द्र सिंह सहित अनेक जनप्रतिनिधि व अधिकारी मौजूद रहे। सभी अतिथियों का स्वागत साफा व इकलाई पहनाकर किया गया।



जिला प्रमुख रतनी देवी जाट ने कहा कि मेले हर वर्ग के लिए आकर्षण का केंद्र होते हैं, जहां मनोरंजन से लेकर रोजमर्रा की हर वस्तु एक ही स्थान पर उपलब्ध होती है। उन्होंने कहा कि इस बार पशु लंपी बीमारी के कारण पशु मेला आयोजित नहीं किया गया है।

कार्यक्रम का संचालन दिनेश चंद्र श्रीमाली ने किया। इस अवसर पर आसपास के गांव घाटी, खाकलिया खेड़ा, रावों का खेड़ा, रूपाखेड़ा, मादड़ी, सोनियाणा, खंडेल, फियावड़ी, पिपली अहिरान सहित बड़ी संख्या में मेलार्थियों ने भाग लिया और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का आनंद उठाया।

### टीकाकुंड हनुमानजी मंदिर पर 24वॉ दुर्गा महोत्सव शुरू

## शीश महल से निकाली भव्य कलश यात्रा

बढ़ता राजस्थान

**हिंडौन सिटी (अंशु गुप्ता)।** सोमवार को नवरात्रा स्थापना के पावन अवसर पर सुबह टीकाकुंड हनुमान मंदिर पर मां दुर्गा पूजा महोत्सव समिति की ओर से 24 वॉ मां दुर्गा महोत्सव शीश महल से बैडबाजो ,डीजे की ध्वनि के मां दुर्गा की भव्य शौभायात्रा के साथ महिलाओं की विशाल कलश यात्रा निकाली।दुर्गा पूजा महोत्सव के संयोजक शिवप्रकाश पटवा, अध्यक्ष अशोक पाठक ने बताया कि शारदीय नवरात्रा के पर्व अवसर पर मां दुर्गा पूजा महोत्सव के तत्वाधान में मैईया के भक्तों की ओर से टीकाकुंड हनुमान मंदिर पर मां दुर्गा पूजा महोत्सव समिति की ओर से 24 वॉ मां दुर्गा महोत्सव पर मोहन नगर शीश महल से आचार्य विकाश शास्त्री के द्वारा मैईया की प्रतिमा की विधि विधान से पूजा अर्चना की। बैडबाजो व डीजे के साथ दुर्गा मां शौभायात्रा के आगे सैकड़ों महिलाओं की विशाल कलशयात्रा शुरू हुयी। महिलाओ ने डीजे की धुन पर नाचती गाती अस्पताल रोड,मनीराम पार्क से टीकाकुंड हनुमानजी मंदिर स्थित मां दुर्गा स्थापना स्थल पहुंची।मैईया की शौभायात्रा व महिलाओं की कलशयात्रा के साथ समिति के संरक्षक शिवप्रकाश पटवा, अध्यक्ष अशोक पाठक,मनोज शर्मा, मुकेश वोडाफ़ोन,सत्ते वर्मा,अन्नी चौबे,कैलाश चंद,कमलेश शर्मा,भरत छावडी,सत्येन्द्र चौधरी, वीरेंद्र सिंह वर्मा ओम प्रकाश शर्मा अमित मसान, जीतू राजपूत, आरडी गुप्ता, आयुष चतुर्वेदी मोहित झाम, सुनील, वीरेंद्र वर्मा,सचिन बंसल, इंदिरा चौधरी मिथिलेश चौधरी अंशु बलमगढिया, , अंकित बलम गढिया, कमल किशोर वीडी वाले , विष्णु जिंदल, कैलाश सेठानी, सहित सैकड़ों भक्तो से टीकाकुंड हनुमानजी मंदिर परिसर मे स्थापित दुर्गा मैईया की विधीवत मंत्रोच्चार के साथ पूजा अर्चना कर स्थापना की।सांय हजारों भक्तों ने दुर्गा मां की महाआरती कर प्रसादी वितरण की।



## अ.भा.सा. परिषद् राजस्थान इकाई पावटा की मासिक काव्य गोष्ठी का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**पावटा (सुशील कुमार बंसल)।** अखिल भारतीय साहित्य परिषद् राजस्थान, इकाई पावटा के तत्वावधान में निजी विद्यालय में एक मासिक काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शिक्षाविद हरी सिंह शेखावत थे, जबकि पावटा इकाई के नवनिर्वाचित अध्यक्ष शिवम शर्मा 'विशेष' ने अध्यक्षता की। वरिष्ठ साहित्यकार कन्हैया लाल मीणा 'भ्रमर', कवि रामनिवास बायला, पावटा इकाई उपाध्यक्ष कंचन वर्मा विशिष्ट अतिथि रहे। कार्यक्रम की शुरुआत में विद्या की देवी मां सरस्वती के सामने अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर काव्य गोष्ठी का श्रीगणेश किया गया। कवि महावीर शर्मा सरस ने मां सरस्वती जी का पूजन कर वंदना की। इस अवसर पर काव्य मनीषी गिरिराज शास्त्री द्वारा स्वरचित सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई। गोष्ठी में हिंदी दिवस और स्वतंत्र विषय पर काव्य रचनाएं प्रस्तुत की गईं। उपस्थित कविगणों ने अपनी शानदार प्रस्तुति देते हुए समा बांधा। कविगण कन्हैया लाल भ्रमर, रामनिवास बायला, उमेश चंद्र चंदर, ओमप्रकाश शर्मा, कंचन वर्मा, समीर कुंभकार, नरेश बंसल, भवानी सिंह 'भूधर', राधेश्याम गंधर्व, गिरधारी सिंह गिरधर, राजेश बैराठी, कमलकांत शर्मा शतदल, खिल्लू राम सैनी, राहुल मिश्रा, वैध ओमप्रकाश पारीक, महावीर शर्मा सरस, गिरिराज शास्त्री, नरेश जांगिड़ जिज्ञासु, राजेंद्र राज तरुण, विष्णु टांक सहित अन्य कविगणों ने अपनी कविताओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।



## अग्रसेन महाराजा के जन्मोत्सव पर पूजन एवं महाआरती सम्पन्न

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर (नि.स.)।** अखिल भारतीय अग्रवाल महासभा की प्रदेश एवं जिला इकाई द्वारा सोमवार को भगवान श्री अग्रसेन के जन्मोत्सव के अवसर पर पूजन एवं महा आरती का आयोजन किया गया। प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश अग्रवाल ने बताया कि सर्वप्रथम भगवान अग्रसेनजी के चित्र के समक्ष दीप प्रजल्वन कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। महामंत्री नरेशकुमार अग्रवाल ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश अग्रवाल रहे एवं विशिष्ट अतिथि सेंट्रल जीएसटी के सहायक कमिश्नर आर. के अग्रवाल रहे। कार्यक्रम में सरंक्षण जिला सत्यनारायण अग्रवाल, जिला अध्यक्ष सतीश चंद्र अग्रवाल, महामंत्री नरेश कुमार अग्रवाल, महिला प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष पुष्पलता तायल, एवं महिला प्रकोष्ठ जिला महामंत्री रेखा अग्रवाल सहित सैकड़ों की संख्या में समाजजन पधारे। मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में भगवान अग्रसेनजी की जयंती पर सभी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। समाजजन को अधिक से अधिक महासभा से जुडऩे की अपील की। जिला अध्यक्ष द्वारा सभी उपस्थित समाज जनों को समाज हित में कार्य करने की अपील की। महिला प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष पुष्पलता तायल द्वारा भी सभी को भगवान अग्रसेनजी के जन्मोत्सव की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई। कार्यक्रम में महाआरती की गई।

### सिरोही हवाई पट्टी पर फ्लाइंग ट्रेनिंग ऑर्गेनाइजेशन की तैयारी

## सिरोही में विमान का सपनाः पहले जुड़ेगा, फिर उड़ेगा

बढ़ता राजस्थान

**सिरोही (जीतेश रावल)।** दूर से विमान देखने वालों के लिए अब सिरोही से ही उड़ान भरने का सपना साकार होगा। यहां जल्द ही विमान उड़ान की ट्रेनिंग शुरू हो सकेगी। इसकी तैयारियों को मूर्त रूप दिया जा रहा है। नवरात्र स्थापना के अवसर पर ड्यूज एविएशन अकेडमी का विमान सिरोही हवाई पट्टी पर उतारा गया। साथ ही कंपनी प्रतिनिधियों ने संभावनाओं को लेकर जायजा लिया। ट्रेनिंग सेंटर बनने से युवाओं को यहां विमान उड़ाने का प्रशिक्षण मिल सकेगा। ड्यूज एविएशन अकेडमी के अकाउंटेबल मैनेजर मुकेश माथुर एवं चीफ फ्लाइट इंस्ट्रक्टर (सीएफआई) बर्नी शंकर ने सिरोही में फ्लाइंग क्लब (ट्रेनिंग सेंटर) चालू करने को लेकर सोमवार को दौरा किया। यहां हवाई पट्टी का निरीक्षण किया तथा तकनीकी रूप से हवाई मार्ग की जांच की। नए फ्लाइंग ट्रेनिंग ऑर्गेनाइजेशन (एफटीओ) की संभावनाओं को देखते हुए ड्यूज एविएशन अकेडमी के प्रतिनिधियों ने सोमवार को यहां अपना विमान उतारा। साथ ही प्रशासनिक अधिकारियों से मुलाकात की। उन्होंने रन-वे, मौसम की स्थिति व यहां के भू-भाग समेत अन्य बिंदुओं पर जानकारी एकत्र की। हवाई पट्टी पर निरीक्षण के दौरान सांसद लुम्बाराम चौधरी भी मौजूद रहे। कंपनी के अकाउंटेबल मैनेजर मुकेश माथुर व चीफ फ्लाइट इंस्ट्रक्टर बर्नी शंकर ने उनसे मुलाकात की तथा विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। ड्यूज एविएशन अकेडमी सिरोही में आधुनिक फ्लाइंग ट्रेनिंग सुविधाएं उपलब्ध कराने को इच्छुक है, ताकि यहां के युवाओं को विमानन क्षेत्र में प्रशिक्षण और रोजगार के नए अवसर मिल सके। उल्लेखनीय है कि रोजगारपरक कार्यों के लिए सांसद प्रयासरत है तथा उन्हीं के प्रयासों से सिरोही में यह सपना साकार होने वाला है।



### भारत को जानों प्रतियोगिता का द्वितीय चरण प्रश्न मंच सम्पन्न

# वरिष्ठ वर्ग में उत्कर्ष विद्या निकेतन व कनिष्ठ वर्ग में आशीष मैमोरियल विद्यालय की टीम प्रान्त स्तर पर चयनित

बढ़ता राजस्थान

**हिंडौन सिटी (अंशु गुप्ता)।** भारत विकास परिषद्, शाखा द्वारा राष्ट्रीय प्रकल्प भारत को जानों का द्वितीय चरण प्रश्न मंच प्रतियोगिता रविवार को निर्मल हैप्पी इंग्लिश स्कूल, हिण्डौन के सभागार में सम्पन्न हुई। प्रतियोगिता में वरिष्ठ वर्ग में उत्कर्ष विद्या निकेतन, हिण्डौन व कनिष्ठ वर्ग में आशीष मैमोरियल सी. सै. विद्यालय हिण्डौन की टीम प्रथम स्थान पर चयनित हुई जो आगामी 28 सितम्बर को बाबा पैलेस, हिण्डौन सिटी में आयोजित प्रान्त स्तरीय प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगीप्रतियोगिता को प्रांतीय महासचिव हेमन्त गर्ग, प्रांतीय संस्कार संयोजक धर्मेन्द्र मित्तल, गतिविधि सेवा संयोजक देवेन्द्र शर्मा, भारत को जानों प्रांतीय प्रभारी पंकज जैन, शाखा समन्वयक सुबोध जैन व शाखा अध्यक्ष उपेन्द्र गुप्ता ने मां सरस्वती एवम् स्वामी विवेकानंद जी के चित्रपट पर माल्यार्पण, दीप प्रज्ज्वलित व सामूहिक राष्ट्रगीत कर विधिवत् आरम्भ किया। प्रांतीय महासचिव एवम् संस्कार प्रभारी ने सभागार में परिषद् का संक्षिप्त परिचय देते हुए मानव उत्थान के लिए चलाए जा रहे विभिन्न प्रकल्पों के कार्यों व उनके उद्देश्यों का उल्लेख किया। प्रकल्प प्रभारी दीनदयाल गुप्ता ने बताया कि भारत को जानों की विगत 29 अगस्त को आयोजित विद्यालय स्तरीय प्रतियोगिता परिषद् के राजस्थान पूर्व प्रान्त क्षेत्र में एक ही दिन में एक ही समय पर आयोजित की गई थी, इसमें 13 निजी व 6 राजकीय विद्यालयों सहित 19 विद्यालयों से कुल 1063 विद्यार्थी सम्मिलित हुए थे। प्रभारी ने बताया कि प्रश्न मंच प्रतियोगिता का संचालन शाखा के सलाहकार मण्डल सद्स्य महेश मित्तल ने किया, इसमें उत्कर्ष विद्या निकेतन की भूमि अरोड़ा व साक्षी जैन ने वरिष्ठ वर्ग में एवम् आशीष मैमोरियल सी. सै. विद्यालय हिण्डौन के रक्षित डागुर व सक्षम सिंह कक्षा 6 ने कनिष्ठ वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त किया।



## प्रवक्ता रामकरण यादव व गिरधारी लाल गुरूजी ''भारत शिरोमणी लाईफ टाईम अचीवमेंट अवॉर्ड (स्वर्ण पदक)'' से होंगें सम्मानित

**बढ़ता राजस्थान, कोटपूतली (बिल्लूराम सैनी)।** राज्य सरकार से





अनुमोदित एवं पंजीकृत शेखावाटी इतिहास कला संस्कृति शोध संस्थान शिमला (राजस्थान) द्वारा आगामी 02 अक्टूबर गांधी जयंती पर आयोजित सम्मान समारोह में पवाना अहीर निवासी प्रवक्ता डॉ. रामकरण यादव व फतेहपुरा कलां निवासी सेवानिवृत्त गुरूजी गिरधारी लाल यादव पूर्व समाज अध्यक्ष को ''भारत शिरोमणी लाईफ टाईम अचीवमेंट अवॉर्ड (स्वर्ण पदक)" से सम्मानित किया जायेगा। विगत 30 वर्षों से शिक्षा जगत, समाज सेवा, गौ सेवा, रक्तदान जैसे राष्ट्रीय कार्यक्रमों, पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन, बालिका शिक्षा प्रोत्साहन एवं प्रतिभा सम्मान कार्यक्रमों में उल्लेखनीय योगदान की बदौलत शोध संस्थान द्वारा इन्हें भारत शिरोमणी लाईफ टाईम अचीवमेंट अवॉर्ड (स्वर्ण पदक) दिये जाने के लिये चयनित किया गया है। प्रवक्ता यादव व गिरधाली लाल गुरूजी की इस उपलब्धि पर प्रबुद्धजनों एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा बधाई एवं शुभकामनायें प्रकट की गई।

## अग्रवाल समाज ने मनाया धूमधाम से अग्रसेन जयंती



**बढ़ता राजस्थान, रींगस (हनुमान सिंह बुरानियां)।** कस्बे में सोमवार को अग्रसेन जयंती के उपलक्ष पर अग्रवाल समाज सेवा समिति अध्यक्ष राजकुमार काबरा व मुख्य अतिथि डॉ विनोद कुमार गुप्ता ने भगवान अग्रसेन की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर विधि विधान से पूजा अर्चना कर कार्यक्रम की शुरुआत की, कार्यक्रम के दौरान समाज के प्रतिभाशाली बालकों को पुरस्कृत किया गया अग्रवाल समाज सेवा समिति अध्यक्ष राजकुमार काबरा ने बताया समाज के नन्हें बालकों के द्वारा भगवान अग्रसेन के बारे में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया जिसमें विजेता बालक बालिकाओं को सम्मानित किया गया इसके बाद आराध्य देव अग्रसेन की भव्य शोभायात्रा बैंड बाजों के साथ निकाली गई शोभायात्रा में समाज की महिला पुरुषों एवं बच्चों ने भाग लिया शोभा यात्रा अग्रवाल भवन से रवाना हुई जो कस्बे के मुख्य मार्गो आजाद चौक, बस स्टैंड होते हुए अग्रवाल भवन पहुंची इस दौरान कस्बे के लोगों ने शोभा यात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया।

## डॉ. अरिहंत जैन ने रचा इतिहास, एम्स दिल्ली की सीनियर रेजिडेंट परीक्षा में देशभर में प्रथम स्थान

**बढ़ता राजस्थान, दांतारामगढ़ (नि.स.)।** खाचरियावास शेखावाटी की धरती एक बार फिर गौरवान्वित हुई है। खाचरियावास के



प्रतिभाशाली युवा डॉ. अरिहंत जैन ने देश के सबसे प्रतिष्ठित चिकित्सा संस्थान एम्स (एआईआईएमएस) दिल्ली की सीनियर रेजिडेंट भर्ती परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त कर क्षेत्र और परिवार का नाम रोशन किया है। डॉ अरिहंत के पिता विजय कुमार जैन ने बताया कि डॉ. अरिहंत ने डी.एम. (इमरजेंसी मेडिसिन) में यह सफलता हासिल की है। 30 सितंबर को डॉ अरिहंत एम्स दिल्ली में कार्यभार ग्रहण करेंगे। प्रमोद कुमार शर्मा ने बताया कि डॉ. अरिहंत, खाचरियावास के सम्मानित बडज़ात्या जैन परिवार से हैं और स्व. छगनलाल जैन एवं श्रीमती कंचन देवी के सुपोत्र तथा श्री विजय कुमार जैन के सुपुत्र हैं। डॉ भूपेंद्र सिंह शेखावत ने बताया कि इससे पूर्व भी अरिहंत ने अपनी प्रतिभा का परचम फहराते हुए 2017 में नीट जिनपर (नीट ) पांडिचेरी परीक्षा में देशभर में 26वीं रैंक प्राप्त कर दाखिला लिया था। 2023 में एमबीबीएस पूरा करने के बाद 2025 में एम.डी. की डिग्री हासिल की। अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा के चलते उन्हें भारत सरकार की ओर से कई अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस में भारत का प्रतिनिधित्व करने का अवसर भी मिला। डॉ. अरिहंत की इस अद्वितीय उपलब्धि पर जल्द ही उन्हें श्री बिशन सिंह शेखावत शोध एवं शिक्षण संस्थान, जयपुर की ओर से परिवार सहित सम्मानित किया जाएगा।

## मोहनपुरा की पायल ने पहले प्रयास में ही किया एमबीबीएस में चयन

**बढ़ता राजस्थान, कोटपूतली (बिल्लूराम सैनी)।** कोटपूतली के



निकटवर्ती ग्राम मोहनपुरा की रहने वाली पायल पुत्री सुनील कुमार मीणा ने अपने पहले ही प्रयास में मेडिकल की पढ़ाई के लिए एमबीबीएस में सफलता हासिल की है। पायल का चयन नीट परीक्षा के माध्यम से त्रिपुरा की राजधानी अगरतला में स्थित सरकारी मेडिकल कॉलेज में हुआ है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, परिवार के सदस्यों और गुरुजनों को दिया। पायल ने विद्यार्थियों को कड़ी मेहनत करने के लिए प्रेरित किया, क्योंकि यही सफलता की कुंजी है। पायल की इस उपलब्धि पर कांग्रेस चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव डॉ. अभिलाष मीणा ने भी खुशी जाहिर की और उन्हें बधाई दी।

## प्रेम प्रसंग के चलते युवक हत्या, मारपीट के दौरान हुई मौत

**बढ़ता राजस्थान, जयपुर, (का.स.)।** सांगानेर थाना इलाके में दस पूर्व रेलवे ट्रेक पर मिले शव की गुत्थी अब उलझती हुई नजर आ रहीं है। पुलिस ने दस दिन रेलवे ट्रेक पर मिले शव को आत्महत्या समझते हुए उसका पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया। वहीं अब इस मामले में मृतक के भाई ने प्रेम -प्रसंग के चलते हत्या कर शव रेलवे ट्रेक पर फेंकने का आरोप लगाते हुए युवती और उसके परिजनों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कराया है। सांगानेर सदर थाना पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दी है। थानाधिकारी अनिल जैमिनी ने बताया कि सांगानेर स्थित गोविंदपुरा निवासी जितेंद्र प्रजापत ने मामला दर्ज कराया है कि उसका भाई भागचंद ठेकेदार के मकान पर ही मजदूरी का काम करता था और मकान मालिक के रिश्तेदार की एक लडक़ी से उसका प्रेम-प्रसंग चल रहा था। 6 अगस्त को रिश्तेदार ने भाग चंद को लडक़ी से बात करते देख लिया था। जिसके बाद रिश्तेदारों ने भागचंद के साथ मारपीट करते हुए उसे जेल भेजने की धमकी दी।

### सांसद मंजू शर्मा एवं राव राजेन्द्र सिंह के मुख्य आतिथ्य में हुआ आयोजन

# जीएसटी बचत उत्सव के तहत जिला कलेक्ट्रेट में विशेष कार्यशाला का हुआ आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर, (का.स.)।** जीएसटी 2.0 देश की कर व्यवस्था में क्रांतिकारी बदलाव ही नहीं अपितु ऐतिहासिक सुधारों का जीवंत उदाहरण है। यह सुधार केवल कागजों पर नहीं, बल्कि सीधे उपभोक्ता की जेब और व्यापारी के कारोबार में राहत लेकर आया है। यह कहना है जयपुर सांसद श्रीमती मंजू शर्मा का। श्रीमती मंजू शर्मा ने यह बात जीएसटी बचत उत्सव के तहत सोमवार को जिला कलेक्ट्रेट में आयोजित कार्यशाला को संबोधित करते हुए कही।




राज्य सरकार द्वारा आमजन एवं व्यापारियों को कर राहत प्रदान करने तथा जीएसटी सुधारों की जानकारी जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से 22 से 29 सितम्बर तक जीएसटी बचत उत्सवका आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला प्रशासन की ओर से विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न व्यापारिक संगठनों एवं औद्योगिक संगठनों के पदाधिकारियों ने शिरकत की।

बैठक में सांसद जयपुर मंजू शर्मा ने कहा कि दैनिक उपयोग की वस्तुओं पर कर दरों में कमी से घर-घर के बजट में मुस्कान लौटेगी और आम आदमी को वास्तविक राहत मिलेगी। यह सुधार 'सबका साथ, सबका विकास' की भावना को और मजबूत करेगा। कार्यशाला में जिला कलेक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी, उप महापंजियक मुद्रांक प्रथम श्री देवेन्द्र कुमार जैन, वाणिज्यिक कर विभाग के नोडल अधिकारी अतिरिक्त आयुक्त श्री राहुल मीणा, श्री शालीन उपाध्याय, श्रीमती अनीता मीणा एवं श्रीमती कीर्ति शर्मा सहित संबंधित विभागों के अधिकारियों ने शिरकत की।

बैठक में जानकारी दी गई कि पूर्व जीएसटी प्रणाली की चार अलग-अलग स्लैब (5, 12, 18 एवं 28 प्रतिशत) तथा इनवर्टेड ड्यूटी स्ट्रक्चर से आमजन और व्यापारियों को परेशानियां होती थीं। जीएसटी 2.0 में आमजन व व्यापारियों को राहत देने हेतु मुख्य रूप से दो दरें (5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत) लागू की गई हैं, जबकि कुछ विलासिता एवं सिन वस्तुओं पर 40 प्रतिशत दर रखी गई है। कंपन्सेशन सेस समाप्त कर दिया गया है, जिससे रोज़मर्रा की कई वस्तुएं सस्ती हो गई हैं। दैनिक उपयोग की वस्तुएं जैसे हेयर ऑयल, शैम्पू, साबुन, टूथपेस्ट, मक्खन, घी, चीज, नमकीन, भुजिया, बर्तन, बच्चों की बोतलें एवं डायपर, सिलाई मशीन इत्यादि पर जीएसटी दर 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत कर दी गई है। इसी प्रकार किसान एवं कृषि क्षेत्र से जुड़े उत्पादों जैसे ट्रैक्टर टायरों पर दर 18 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत तथा ट्रैक्टर, बायो-पेस्टिसाइड्स, ड्रिप इरिगेशन व कृषि मशीनों पर 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत कर दी गई है। स्वास्थ्य एवं जीवन बीमा सेवाओं को करमुक्त कर दिया गया है। दवाइयों, मेडिकल ऑक्सीजन, डायग्नोस्टिक किट, ग्लूकोमीटर, चश्मा आदि पर जीएसटी दर 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत कर दी गई है। 36 जीवन रक्षक दवाओं को पूर्णतया कर मुक्त कर दिया गया है।

जीएसटी 2.0 सुधारों से आमजन के मासिक बजट में औसतन 1500 से 2000 रुपये तक की बचत होगी। सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि कर दरों में की गई कटौती का वास्तविक लाभ उपभोक्ताओं तक कंपनियों द्वारा पहुंचाया जाए। इसके लिए राज्यभर में कार्यशालाओं, शिविरों और जनजागरूकता अभियानों का आयोजन किया जा रहा है।

## कांग्रेस का 'वोट चोर गद्दी छोड़' अभियान कोटपूतली में 24 सितंबर को

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली (बिल्लूराम सैनी)।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के निर्देश पर,कोटपूतलीविधानसभा क्षेत्र में 'वोट चोर गद्दी छोड़' हस्ताक्षर अभियान की शुरुआत की जाएगी।यह अभियान लोकतंत्र की रक्षा और वोट चोरी के विरोध में एक संयुक्त पहल है, जो आगामी 24 सितंबर, बुधवार को कस्बे के शरणम पैराडाइज से शुरू होगा।यह राष्ट्रव्यापी जन आंदोलन अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा जनता के मताधिकार, संवैधानिक मूल्यों और लोकतांत्रिक व्यवस्था को बचाने के लिए शुरू किया गया है। यह अभियान 15 सितंबर से 15 अक्टूबर



तक देशभर में चलेगा, जिसका उद्देश्य जन-जागरण करना है।प्रमुख नेता और भागीदारी कोटपूतली में इस हस्ताक्षर अभियान का शुभारंभ एआईसीसी सचिव और राजस्थान सह प्रभारी चिरंजीव राव करेंगे। इस दौरान पीसीसी उपाध्यक्ष व संभाग प्रभारी रमेश खंडेलवाल,पीसीसी महासचिव व जिला प्रभारी आर.सी. चौधरी,जिला जयपुर देहात अध्यक्ष गोपाल मीणा, कार्यकारी जिलाध्यक्ष राजेंद्र यादव,जिला कार्यक्रम प्रभारी नरेंद्र,पीसीसी सचिव व विधानसभा प्रभारी सरलेश सिंह राणा कार्यक्रम की संयुक्त अध्यक्षता कोटपूतली ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष प्रकाश चंद सैनी और नारेहड़ा ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष एडवोकेट सतीश निमोरिया करेंगे। इस अभियान में कोटपूतली विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस पदाधिकारी, कार्यकर्ता और जनप्रतिनिधि बड़ी संख्या में भाग लेंगे।

## रेटा में 69वीं जिला स्तरीय सेपक टकरा प्रतियोगिता काभव्य शुभारंभ

बढ़ता राजस्थान

**दांतारामगढ़ (नि.स.)।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय रेटा में सोमवार को खेलों का महाकुंभ कहे जाने वाली 69वीं जिला स्तरीय सेपक टकरा प्रतियोगिता (2025-26) का भव्य शुभारंभ हुआ। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि सैनिक कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष प्रेम सिंह बाजौर एवं भाजपा प्रत्याशी गजानंद कुमावत रहे। मुख्य अतिथि प्रेम सिंह बाजौर ने खिलाडियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल जीवन में अनुशासन, आत्मविश्वास और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना का संचार करते हैं। विद्यालय परिवार की मांग पर उन्होंने खेल मैदान



की बाउंड्री दीवार निर्माण हेतु 15 लाख रुपये स्वीकृत करवाने की घोषणा की। इस घोषणा से खिलाडियों और ग्रामीणों में उत्साह की लहर दौड़ गई। भाजपा प्रत्याशी गजानंद कुमावत ने कहा कि ग्रामीण अंचल के युवा खेलों में अपार प्रतिभा रखते हैं और उन्हें अवसर तथा मंच मिलना चाहिए। विद्यालय के प्रधानाचार्य मदन लाल चौधरी ने बताया कि प्रतियोगिता में जिलेभर से 17 एवं 19 आयु वर्ग की छात्र-छात्रा टीमें भाग ले रही हैं।

## नौकरी लगवाने का झांसा देकर ठगे 6.50 लाख रुपये

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर, (का.स.)।** महेश नगर थाना इलाके में सेंट्रल स्कूल में फर्स्ट ग्रेड टीचर की नौकरी लगवाने के नाम पर 6.50 लाख रुपए की ठगी का मामला सामने आया है। इस संबंध में बीकानेर निवासी पीडि़त ने जयपुर के महेश नगर थाने में दम्पति के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है।

थानाधिकारी गुंजन वर्मा ने बताया कि बीकानेर निवासी अश्वनी कुमार ने अविनाश कोनवार और करिश्मा खान के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है कि आरोपित अविनाश ने खुद को पॉलिटिकल नेता बताया और हर विभाग में जान-पहचान होने का भरोसा दिलाया। उसने दावा किया कि वह और पत्नी करिश्मा हजारों लोगों की नौकरी लगवा चुके हैं। उन्होंने मृतक कोटे से भी कई लोगों की नौकरियां लगवाने का दावा किया। परिवादी को सेंट्रल स्कूल में फर्स्ट ग्रेड टीचर की नौकरी लगवाने का झांसा देकर आरोपियों ने 6.50 लाख रुपए मांगे और भरोसा दिलाया कि काम नहीं होने पर रकम लौटा देंगे। उनकी बातों में आकर परिवादी ने रुपए दे दिए। इसके बाद उन्होंने न नौकरी लगवाई और न रुपए लौटाए। अब परिवादी ने कोर्ट में इस्तगासे के जरिए थाने में मुकदमा दर्ज कराया हैं

## हेल्दी हार्ट के लिए कदम से कदम मिलाकर जयपुराइट्स ने रन फॉर हार्ट' में लगाई दौड़

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** राजधानी जयपुर में सी के बिरला हॉस्पिटल्स की ओर से आयोजित 'रन फॉर हार्ट' में शहरवासियों ने कदम से कदम मिलाकर दौड़ लगाई और हृदय रोगों से बचाव का संदेश दिया। वर्ल्ड हार्ट डे के अवसर पर हुए इस विशेष आयोजन ने न सिर्फ फिटनेस के प्रति उत्साह जगाया। बल्कि हर आयु वर्ग के लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित भी किया। कार्यक्रम की खासियत रही कि इसमें बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक ने सक्रिय भागीदारी निभाई। आयोजन को 3 किलोमीटर फन रन, 5 किलोमीटर



टाइम्ड रन और 10 किलोमीटर टाइम्ड रन श्रेणी में बांटा गया था। प्रतिभागियों ने अपनी क्षमता और उत्साह के अनुरूप हिस्सा लिया और रन के दौरान पूरे जोश से दौडक़र फिटनेस का उदाहरण प्रस्तुत किया। अंत में विभिन्न आयु वर्गों के विजेताओं को सम्मानित भी किया गया। जिससे उनका हौसला और बढ़ा। सी के बिरला हॉस्पिटल्स के सीनियर कार्डियक सर्जन डॉ. आलोक माथुर ने मौके पर उपस्थित लोगों को दिल की सेहत बनाए रखने के सरल उपाय बताए। उन्होंने कहा कि नियमित व्यायाम, संतुलित आहार और तनाव से दूरी ही 'हैप्पी हार्ट' का मूल मंत्र है। उन्होंने युवाओं से खास अपील की कि व्यस्त दिनचर्या में भी रोजाना कुछ समय शारीरिक गतिविधि के लिए जरूर निकालें। वहीं, हॉस्पिटल के जनरल मैनेजर (ग्रोथ एंड डेवलपमेंट्स) सचिन सिंह ने कहा कि ऐसे आयोजन समाज को एकजुट कर स्वस्थ जीवनशैली की ओर ले जाते हैं। उन्होंने इसे फिटनेस की संस्कृति को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल बताया। कार्यक्रम के समापन पर प्रतिभागियों ने उल्लासपूर्ण माहौल में अपनी भागीदारी का जश्न मनाया और स्वस्थ दिल—स्वस्थ जीवन का संकल्प लिया।

## अग्रवाल समाज समिति द्वारा अग्र महोत्सव 2025 का भव्य आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली (बिल्लूराम सैनी)।** अग्रवाल समाज समिति ने श्री अग्रसेन भवन में अग्र महोत्सव 2025 का सफलतापूर्वक आयोजन किया। इस भव्य समारोह में समाज का वार्षिक अधिवेशन और प्रतिभा सम्मान समारोह बड़े उत्साह के साथ संपन्न हुआ।कार्यक्रम का विवरणसमारोह का शुभारंभ महाराजा अग्रसेन और कुलदेवी लक्ष्मी माता के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सतीश कुमार गर्ग (प्रधान लेखा नियंत्रक), विशिष्ट अतिथि एडवोकेट अशोक बंसल, डॉ. ओम प्रकाश गुप्ता और अग्रवाल समाज अध्यक्ष उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता अग्रवाल समाज अध्यक्ष एडवोकेट योगेश शरण बंसल ने की।मुख्य अतिथियों का स्वागत माला, दुपट्टा और स्मृति चिन्ह भेंट कर किया गया। अन्य सम्मानित अतिथियों में पूर्व समाज अध्यक्ष किशनलाल मोरीजावाला, रमेश किताब वाला, रघुवीर गोयल, ओम प्रकाश बंसल, डॉ. अश्वनी गोयल, अनिल



बंसल (श्व&श्वठ्ठ) और कमल गर्ग का भी सम्मान किया गया।इस समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों को सम्मानित किया गयाःवरिष्ठ दम्पति सम्मानः जिन दम्पतियों ने विवाह के 50 वर्ष पूरे किए, उन्हें शॉल और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।प्रतिभा सम्मानः डॉक्टर, इंजीनियर, सी.ए. जैसे पेशेवर और 10वीं-12वीं में 80त्न से अधिक अंक प्राप्त करने वाले मेधावी छात्रों को प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।भामाशाह और विजेता सम्मानः समाज को विशिष्ट सेवाएं देने वाले दानदाताओं (भामाशाहों) और विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजेता रहे बच्चों और महिलाओं को भी सम्मानित किया गया। अधिवेशन के दौरान समाज को और अधिक संगठित व सशक्त बनाने पर विस्तृत चर्चा हुई। मीडिया प्रभारी हेमंत मोरीजावाला ने बताया कि समाज के नए भवन के लिए महत्वपूर्ण घोषणाएं की गईं।एडवोकेट अशोक बंसल ने ?50 लाख का दान देने की घोषणा की।पियूष बंसल (इवेंट्स) ने ?5 लाख और हीरालाल दीवान ने ?1 लाख का योगदान देने की घोषणा की। अशोक कुमार, आकाश बंसल और ओमप्रकाश बंसल (जिला अध्यक्ष) ने दो-दो एयर कंडीशनर (रष्ट) देने का संकल्प लिया।समारोह में मंच का संचालन लक्ष्मी नारायण गुरु जी ने किया। अध्यक्ष एडवोकेट योगेश बंसल ने सभी अतिथियों और समाज बंधुओं का आभार व्यक्त किया। अंत में महाराजा अग्रसेन और कुलदेवी लक्ष्मी माता की आरती के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इस अवसर पर समाज के कई गणमान्य व्यक्ति, पूर्व अध्यक्ष, महिलाएं और बच्चे बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## सम्पादकीय

# चुनाव आयोग का सही फैसला, एसआईआर को लेकर प्रतिबद्ध



यह अच्छा हुआ कि चुनाव आयोग देश भर में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण अर्थात एसआईआर को लेकर न केवल प्रतिबद्ध है, बल्कि उसने राज्यों के चुनाव अधिकारियों को यह निर्देश भी दे दिया कि वे 30 सितंबर तक इस प्रक्रिया के लिए तैयार रहें। माना जा रहा है कि चुनाव आयोग अक्टूबर के अंत अथवा नवंबर के आरंभ में देश भर में मतदाता सूचियों के सत्यापन का काम शुरू कर सकता है। यह कार्य होना ही चाहिए।

एक तो इसलिए, क्योंकि पिछली बार अधिकांश राज्यों में मतदाता सूचियों का सत्यापन 2002 और 2004 के बीच हुआ था। अच्छा यह होगा कि चुनाव आयोग एक निश्चित अंतराल के बाद मतदाता सूचियों के सत्यापन की प्रक्रिया नियमित रूप से पूरी करे। इसकी आवश्यकता इसलिए है, क्योंकि अब एक बड़ी संख्या में लोग रोजगार-व्यापार के सिलसिले में अपने मूल निवास स्थान से अन्यत्र चले जाते हैं। इसके अतिरिक्त यह भी किसी से छिपा नहीं कि अनेक स्थानों पर मृत लोगों के नाम मतदाता सूचियों में दर्ज बने रहते हैं। बिहार में मतदाता सूची के सत्यापन की प्रक्रिया ने तो इस आशंका को भी बल दे दिया है कि अवांछित लोग और विशेष रूप से बांग्लादेश, म्यांमार, नेपाल आदि के नागरिक फर्जी प्रमाण पत्रों के सहारे भारतीय मतदाता बन बैठे हैं।

ऐसा बिल्कुल भी नहीं होना चाहिए, लेकिन सीमावर्ती राज्यों और विशेष रूप से पश्चिम बंगाल और पूर्वोत्तर में ऐसा होने की प्रबल आशंका है। इसकी भी अनदेखी नहीं की जा सकती कि बांग्लादेशी घुसपैठिये किस तरह देश के विभिन्न हिस्सों में जा बसे हैं। उन्होंने फर्जी दस्तावेजों से राशन कार्ड, आधार और उनके जरिये मतदाता पहचान पत्र भी हासिल कर लिए हैं।

अब जब चुनाव आयोग देश भर में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण की दिशा में अपने कदम बढ़ा रहा है तो उसे इसके लिए हरसंभव प्रयत्न करने होंगे कि इस प्रक्रिया में किसी भी गड़बड़ी की गुंजाइश न रहे। निःसंदेह इतने बड़े देश में मतदाता सूचियों में सुधार करने की प्रक्रिया में कहीं न कहीं कुछ न कुछ खामी देखने को मिल सकती है, लेकिन इसका यह मतलब नहीं कि मतदाता सूचियों का सत्यापन ही न किया जाए।

दुर्भाग्य से विपक्षी दल यही चाहते हैं। उन्होंने बिहार में मतदाता सूचियों के सत्यापन की प्रक्रिया को लेकर जिस तरह आसमान सिर पर उठा लिया, उसे देखते हुए इसका अंदेशा है कि वे देशव्यापी एसआईआर पर भी हायतौबा मचाएंगे। ऐसे में चुनाव आयोग को विपक्षी दलों के दुष्प्रचार की काट के लिए तैयार रहना होगा। इसकी भरी-पूरी आशंका है कि बंगाल जैसे राज्यों में उसे दुष्प्रचार के साथ राज्य सरकारों के असहयोग का भी सामना करना पड़ सकता है।

## आज का इतिहास
बढ़ता राजस्थान

### 23 सितंबर की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- 1739 - रूस और तुर्की के बीच बेलग्रेड शांति समझौते पर हस्ताक्षर।
- 1803 - ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी ने असाये के युद्ध में मराठा सेना को हराया।
- 1857 - रूसी युद्धपोत लेफर्ट फिनलैंड की खाड़ी में आये भीषण तूफान में गायब हुआ, 826 लोग मारे गए।
- 1929 - बाल विवाह निरोधक विधेयक (शारदा क़ानून) पारित।
- 1955 - पाकिस्तान ने बगदाद समझौता पर हस्ताक्षर किया।
- 1958 - ब्रिटेन ने क्रिसमस द्वीप पर वायुमंडलीय परमाणु परीक्षण किया।
- 1965 - भारत-पाकिस्तान के बीच युद्ध विराम का आदेश।
- 1970 - अब्दुल रज़ाक बिन हुसैन मलेशिया के प्रधानमंत्री बने।
- 1979 - सोमालिया के संविधान को राष्ट्रपति ने मंजूरी दी।
- 1986 - अमेरिकी कांग्रेस ने गुलाब को अमेरिका का राष्ट्रीय फूल चुना।
- 1992 - यूगोस्लाविया का संयुक्त राष्ट्र संघ से निष्कासन।
- 1995 - ताबा (मिस्र) में इस्रायल एवं फ़िलिस्तीनी मुक्ति संगठन के मध्य पश्चिमी तट में फ़िलिस्तीनी स्वशासन के संबंध में समझौता।
- 2000 - सिडनी ओलम्पिक में संयुक्त राज्य अमेरिका की धाविका मैरियन जोन्स ने 100 मीटर दौड़ का स्वर्ण पदक जीता।
- 2001 - ब्रिटिश व तालिबान सेना के बीच गोलाबारी, संयुक्त राज्य अमेरिका ने भारत व पाकिस्तान पर से प्रतिबंध हटाये।
- 2002 - जर्मनी के चांसलर गेरहार्ड श्रीएडर पुन: सत्ता में।
- 2003 - भूटान में लोकतांत्रिक संविधान का मसौदा तैयार।
- 2004 - हैती में तूफान के बाद आई बाढ़ में कम से कम 1,070 लोग मारे गए।
- 2006 - पाकिस्तानी राष्ट्रपति परवेज मुशर्रफ़ ने भारतीय प्रधानमंत्री डाक्टर मनमोहन सिंह को वार्ता का निमंत्रण दिया।
- 2009 - भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने भारतीय उपग्रह ओशन सैट-2 समेत सात उपग्रह कक्षा में स्थापित किए।
- 23 सितंबर को जन्मे व्यक्ति
- 1862 - श्रीनिवास शास्त्री - महान् देशभक्त और राजनेता।
- 1903 - यूसुफ़ मेहरअली - स्वतंत्रता सेनानी तथा समाज सुधारक।

## विशेष आलेख

# अमेरिकी आत्मघाती वीजा बंदिशें, भारत के नये अवसर



ललित गर्ग




अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दुनिया भर के पेशेवरों, खासकर भारतीयों के सपनों पर एक नई काली छाया डाल दी है, उनके सपनों को चकनाचूर कर दिया है एवं एक बड़ा संकट खड़ा दिया है। 21 सितंबर की रात 12 बजे के बाद अमेरिका में प्रवेश करने वालों को एच1बी वीज़ा प्राप्त करने के लिए लगभग एक लाख डॉलर यानी करीब 88 लाख रुपये सालाना शुल्क देना होगा। यह निर्णय केवल एक प्रशासनिक आदेश नहीं, बल्कि वैश्विक प्रतिस्पर्धा, प्रतिभा-प्रवास और अमेरिका-भारत संबंधों पर गहरा प्रभाव डालने वाला कदम है। अमेरिका के इस कदम के बाद भारत को अपनी आत्म-निर्भरता, स्वदेशी भावना एवं देश की प्रतिभाओं का देश में ही उपयोग को बल देना होगा। भारत अब दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थ-व्यवस्था बनने की ओर अग्रसर होने के साथ अवसरों की भूमि बन रहा है। इसलिये अमेरिका के निर्णय से ज्यादा परेशान होने की बजाय इसको सकारात्मक दृष्टि से लेने की जरूरत है।

निश्चित ही अमेरिका दशकों से अवसरों की भूमि माना जाता रहा है। यहां आने का सपना रखने वालों के लिए एच1बी वीज़ा एक सुनहरा टिकट एवं उन्नत जीवन का आधार रहा है। हर साल हजारों भारतीय इंजीनियर, डॉक्टर, वैज्ञानिक और तकनीकी विशेषज्ञ इस वीज़ा के माध्यम से अमेरिका जाकर अपने सपनों को साकार करते रहे हैं। सिलिकॉन वैली की चमक और वहां भारतीय प्रतिभाओं का वर्चस्व इसका जीता-जागता प्रमाण है। गूगल, माइक्रोसॉफ्ट, आईबीएम और फेसबुक जैसी दिग्गज कंपनियों में उच्च तकनीकी पदों पर भारतीय मूल के लोगों की उपस्थिति सर्वाधिक है। भारतीय आईटी पेशेवरों के बिना अमेरिकी तकनीकी जगत की कल्पना करना कठिन है। एच-1 बी वीजा की फीस में अप्रत्याशित वृद्धि का फैसला भारतीय आइटी कंपनियों के साथ अमेरिकी हितों को भी चोट पहुंचाने वाला है। इनमें आइटी सेक्टर से इतर क्षेत्र की कंपनियां भी हैं। इसका प्रमाण यह है कि उनके फैसले की आलोचना अनेक अमेरिकी ही कर रहे हैं। यदि ट्रंप यह सोच रहे हैं कि एच-1बी वीजा धारकों की फीस एक हजार डालर से एक लाख डालर सालाना करने से भारतीय और अमेरिकी कंपनियां अमेरिका के युवाओं को नौकरी देने के लिए बाध्य हो जाएंगी तो यह उनकी भूल है, क्योंकि इन कंपनियों को जैसे और जितने सक्षम युवा पेशेवर चाहिए, वे अमेरिका में हैं ही नहीं। अमेरिकी राष्ट्रपति यह भी भूल रहे हैं कि अमेरिका के आर्थिक विकास में अप्रवासियों विशेषतः भारतीय प्रतिभाओं का सर्वाधिक योगदान है और यह केवल पेशेवर लोगों का ही नहीं, बल्कि कामगारों का भी है।

भले ही ट्रंप प्रशासन का यह आदेश उनकी अमेरिका फर्स्ट नीति की अगली कड़ी है। उनका तर्क है कि विदेशी पेशेवर सस्ते श्रम के रूप में अमेरिकी नागरिकों की नौकरियां छीन रहे हैं। शुल्क इतना अधिक करके वे चाहते हैं कि केवल वही विदेशी पेशेवर अमेरिका आएं, जो न केवल उच्च योग्यता रखते हों बल्कि भारी शुल्क अदा करने की क्षमता भी रखते हों। लेकिन यह कदम अमेरिका के लिये ही आर्थिक दृष्टि से आत्मघाती साबित हो सकता है, क्योंकि अमेरिकी कंपनियों को उच्च कौशल वाले पेशेवरों की भारी ज़रूरत है और भारतीय आईटी पेशेवरों की कमी वहां सीधे तौर पर नवाचार और प्रतिस्पर्धा को प्रभावित करेगी। ट्रंप के फैसले को आपदा नहीं, बल्कि अवसर के रूप में देखना चाहिए।

पहले भारतीय प्रतिभा अमेरिका की ओर बहती थी, अब यह प्रवाह कनाडा, जर्मनी, ऑस्ट्रेलिया और सिंगापुर की ओर मुड़ सकता है। छात्र और युवा पेशेवर पहले से ही अमेरिकी वीज़ा नीतियों को लेकर असमंजस में रहते थे। अब यह आदेश उनके आत्मविश्वास और योजनाओं को और झकझोर देगा। हालांकि एक सकारात्मक पहलू यह भी है कि कई युवा भारत में ही स्टार्टअप्स, शोध और नई तकनीक के क्षेत्रों में काम करने की ओर आकर्षित होंगे। भारत पर इस नीति का असर केवल युवाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि व्यापक सामाजिक-आर्थिक असर डाल सकता है। भारतीय आईटी कंपनियां जैसे इन्फोसिस, टीसीएस, विप्रो आदि अमेरिका में बड़े पैमाने पर कार्यरत हैं। एच1बी वीज़ा पर निर्भरता ज्यादा होने के कारण उनका खर्च बढ़ेगा और प्रतिस्पर्धा कमजोर होगी। भारतीय पेशेवर हर साल अरबों डॉलर भारत भेजते हैं, वीज़ा बाधाओं से यह प्रवाह घटेगा। हजारों भारतीय छात्र अमेरिका में उच्च शिक्षा लेकर वहीं काम करने का सपना देखते हैं। अब शुल्क की बाधा उनके लिए अमेरिका को कम आकर्षक बनाएगी। साथ ही भारत में ही वैश्विक स्तर के शोध और नवाचार केंद्र विकसित करने की संभावना भी बढ़ेगी।

अमेरिका और भारत के संबंध बीते दो दशकों में आर्थिक, रणनीतिक और तकनीकी सहयोग की नई ऊँचाइयों पर पहुंचे हैं। अमेरिका ने भारत को रणनीतिक साझेदार माना है।

# देश में नवरात्रि से 'जीएसटी बचत उत्सव' आमजन को राहत, अर्थव्यवस्था को गति



डॉ. नयन प्रकाश गांधी

*नवरात्रि के पहले दिन लागू होने वाले जीएसटी सुधारों ने देश को एक राष्ट्र, एक कर की दिशा में निर्णायक कदम देते हुए सभी वर्गों को राहत प्रदान की है।*

देश की आर्थिक व्यवस्था में ऐतिहासिक बदलाव की ओर बढ़ते हुए प्रधानमंत्री के नेतृत्व में सोमवार से जीएसटी बचत उत्सव की शुरुआत हो चुकी है। नवरात्रि के पहले दिन लागू होने वाले जीएसटी सुधारों ने देश को एक राष्ट्र, एक कर की दिशा में निर्णायक कदम देते हुए सभी वर्गों को राहत प्रदान की है। जीएसटी सुधारों के कारण अब देशवासियों के लिए अलग-अलग करों के जाल से मुक्ति मिली है। पहले आमजन व व्यापारी अनेक करों - उत्पाद शुल्क, सेवा कर, मूल्य वर्धित कर आदि - के बीच उलझे रहते थे, जिससे व्यवस्थागत कठिनाइयां और कर बोझ निरंतर बढ़ता था। नई प्रणाली में दो मुख्य कर श्रेणियाँ (5प्रतिशत और 18प्रतिशत ) लागू की गई हैं, जिससे कर सरलीकरण और पारदर्शिता आई है।

इसके साथ ही, देश के 99प्रतिशत उत्पाद अब 5प्रतिशत श्रेणी में आ गए हैं, जिससे रोज़मर्रा की आवश्यक वस्तुएँ - जैसे कपड़े, जूते, ब्रेड, दवाएं, घरेलू उपकरण व छोटी कारें सस्ती हो गई हैं। प्रधानमंत्री के संदेश अनुसार, समग्र सुधारों से हर परिवार का खर्च कम होगा। त्योहारी मौसम में, अब सभी अपनी पसंद की चीज़ें आसानी से खरीद पाएंगे। यह आर्थिक बचत न सिर्फ व्यक्तिगत स्तर पर बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर भी असर दिखाएगी। एक अनुमान अनुसार कर श्रेणियों में बदलाव से 2.5 लाख करोड़ की बचत देश को होगी। इससे गरीब, किसान, व्यापारी, युवा, महिलाएँ, दुकानदार और उद्योगपति के साथ-साथ सभी राज्यों को बराबरी की प्रतिस्पर्धा का अवसर मिलेगा।

सरकार का ध्यान स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने पर भी है। आज नमो युवा दौड़ के महोत्सव में कोटा में हज़ारों की संख्या में उपस्थित युवाओं और मातृशक्तियों, पेशेवरों को लोकसभाध्यक्ष एवं सांसद ओम बिरला ने भी अपने उद्बोधन में स्वदेशी वस्तुओं के उपभोग की बात कही। स्वर स्थानीय के लिए' (वोकल फ़ॉर लोकल) और हमारे देश के यशस्वी प्रधानमंत्री ने भी 'भारत में निर्माण' (मेक इन इंडिया) वस्तुओं के उपयोग की अपील करते हुए सभी देशवासियों से स्वदेशी अपनाने का आग्रह किया है, जिससे घरेलू उद्योग और रोजग़ार को प्रोत्साहन मिलेगा।

जीएसटी सुधारों ने व्यापार के प्रमुख क्षेत्रों, जैसे चमड़ा, वस्त्र, खिलौने, पैकेजिंग और परिवहन को कर राहत देकर भारतीय व्यवसायों की प्रतिस्पर्धा क्षमता बढ़ाई है, जिससे देश में नवप्रारंभ (स्टार्टअप्स) व नए उद्योगों को प्रोत्साहन मिलेगा। नई व्यवस्था निवेश को बढ़ावा देगी, व्यापार करना सरल बनेगा, और उद्योगों को निर्यात (एक्सपोर्ट) में लाभ मिलेगा, जिससे सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) और उत्पादकता का स्तर ऊपर जाएगा। परिवहन लागत कम होने तथा कर अनुपालन की प्रक्रिया के सरलीकरण से छोटे और मध्यम व्यवसायों के लिए भी अवसर खुलेंगे। इन बदलावों से देश आत्मनिर्भर भारत अभियान की दिशा में और आगे बढ़ेगा। सरकार की सतत सुधार प्रक्रिया से जीएसटी बचत उत्सव न सिर्फ त्योहारी मौसम में आर्थिक खुशहाली लेकर आएगा, बल्कि देश की विकास यात्रा को भी गति देगा।

## शख्सियत
बढ़ता राजस्थान



**प्रदीप सिंह**
**(पुलिस निरीक्षक राज.पुलिस)**

नमस्कार साथियों हमारे आज की शख्सियत कॉलम के स्टार हैं राजस्थान पुलिस के जांबाज पुलिस निरीक्षक प्रदीप सिंह। बेहद शानदार व्यक्तित्व और अपने कर्तव्य के प्रति अडिग और अविरल रूप से जन सेवा करने वाले शानदार अधिकारी हैं प्रदीप जी।आज एटीएस में पुलिस निरीक्षक पद पर स्थापित हैं इससे पहले बजाज नगर थाना प्रभारी रहे। कभी वाद विवाद में नहीं पड़े और सरल और सहज तरीके से अपराध की रोकथाम के साथ आम नागरिकों में पुलिस के प्रति विश्वास को बढ़ावा देने की मुहिम इनकी जारी रही। कार्यक्रम किसी भी धर्म का हो किसी भी संप्रदाय का हो उसमें बखूबी अपना रोल प्ले करके कार्यक्रम को सहजता , सरलता, खुशी आनंद और उल्लास के साथ संपन्न कराए जाने की हमेशा उनकी चेष्टा बनी रहती है। अपनी टीम के साथ इलाक़े में लगातार गस्त कर इलाके में चोरी लूट और नकब्जनी की वारदातों पर अंकुश लगाया। अलवर यातायात पुलिस में बतौर सब इंस्पेक्टर तैनात रहे उसे दौरान उनके द्वारा किए गए कार्य आज भी मील का पत्थर साबित हो रहे हैं । मुझे एक वाक्य याद है जब अलवर में भारी बारिश आई थी ऐसे में जल भराव के चलते कई क्षेत्रों में यातायात अवरुध हो गया था। इन्होंने तुरंत प्रभाव से अपनी टीम के साथ दो से तीन फीट पानी में खड़े रहकर यातायात को सुचारू करवाया। इसके लिए तत्कालीन जिला पुलिस अधीक्षक राजेंद्र सिंह चौधरी और तत्कालीन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुख्यालय देवेंद्र सिंह बिश्नोई दोनों ने इनके कार्य की सराहना की। बहुत सरल और सहज व्यक्तित्व के धनी है आज एटीएस में बतौर पुलिस निरीक्षक अपनी सेवाएं दे रहे हैं दैनिक बढ़ता राजस्थान की टीम आपके उज्जवल भविष्य की कामना करती है।

रूपक शर्मा

## हैल्थ टिप्स
बढ़ता राजस्थान

# नवरात्रि व्रत के दौरान दवाइयों का सेवन कर सकते हैं या नहीं?

नवरात्रि के 9 दिनों तक भक्त देवी के नौ अलग-अलग स्वरूपों की पूजा करते हैं और इसी दौरान व्रत या उपवास रखते हैं। कुछ लोग फलाहार करते हैं तो कुछ पूरे 9 दिन व्रत रखने का संकल्प लेते हैं।

व्रत के दौरान खान-पान का खास ध्यान रखना बेहद जरूरी होता है, खासकर उन भक्तों के लिए जो गंभीर बीमारियों से गुजर रहे हैं। कई बार लोग इस बात को लेकर असमंजस में पड़ जाते हैं कि व्रत के दौरान दवाइयां ली जा सकती हैं या नहीं। आइए जानते हैं कि व्रती क्या व्रत के दौरान दवाईयों का सेवन कर सकते हैं या नहीं? व्रत में रखें सेहत का भी ध्यान

उपवास रखना हमारे शरीर के लिए कई तरह से लाभकारी होता है। यह



पाचन तंत्र को आराम देता है, शरीर में जमा विषैले पदार्थों को बाहर निकालने में मदद करता है और ऊर्जा का सही संतुलन बनाए रखता है। लेकिन यदि आप नियमित रूप से किसी गंभीर बीमारी के लिए दवाई ले रहे हैं, तो व्रत के दौरान इसे छोड़ना स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकता है। क्या व्रत के दौरान दवा लेना जरूरी है?

एक्सपर्ट के अनुसार, अगर किसी व्यक्ति को डॉक्टर ने नियमित दवाई लेने की सलाह दी है, तो इसे अवश्य लेना चाहिए। कई दवाइयां भोजन के साथ लेने पर अधिक प्रभावी होती हैं। जैसे कि कुछ एंटीबायोटिक्स या दर्द निवारक दवाएं खाली पेट लेने पर ठीक से काम नहीं करतीं और पेट में जलन भी कर सकती हैं। इसलिए व्रत में दवा लेना सुरक्षित तरीके से किया जाना चाहिए।

व्रत में दवा लेने के सुरक्षित उपाय फलाहार के साथ दवा: व्रत में फल, जूस या हल्के व्रत के भोजन के साथ दवा लेने से न तो व्रत टूटता है और न ही स्वास्थ्य प्रभावित होता है।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**
आज आपके चारों ओर का वातावरण खुशनुमा रहेगा। आपको एक के बाद एक खुशखबरी सुनने को मिलेगी। आप बिजनेस में कुछ नई योजनाओं को लागू कर सकते हैं, लेकिन उसके साथ आप अपने पार्टनर से बातचीत अवश्य करें।

**वृष**
आज का दिन आपके लिए मान-सम्मान में वृद्धि लेकर आने वाला है। आप किसी दूसरे की मदद के लिए आगे आएंगे, लेकिन लोगों इसे आपका स्वार्थ समझ सकते हैं। आपको अपने किसी काम को लेकर लापरवाही नहीं करनी है।

**मिथुन**
आज का दिन आपके लिए भागदौड़ भरा रहने वाला है। आपकी अत्यधिक लाभ के चक्कर में कोई जोखिम भरा काम करने से बचना होगा। आप यदि किसी पुराने मित्र से लंबे समय बाद मिलेंगे, तो उससे आपको खुशी होगी।

**कर्क**
आज का दिन रोजगार को लेकर परेशान चल रहा है लोगों के लिए अच्छा रहने वाला है। आज आपको अपनी आय और व्यय में संतुलन बनाकर चलना होगा। आपकी आर्थिक योजनाएं बेहतर रहेंगी।

**सिंह**
आज आपको अपने आसपास रह रहे विरोधियों से सतर्क रहना होगा। ऑफिस में आपके सहकर्मी आपके बॉस से रिश्तों को खराब करने की कोशिश करेंगे।

**कन्या**
आज का दिन आपके लिए मिलाजुला रहने वाला है। कारोबार में आपकी योजनाएं बेहतर लाभ देंगी और आपको कोई साइड इनकम भी मिलने की संभावना है। आप वाहनों का प्रयोग जल्दबाजी में ना करें।

**तुला**
आज आपको अपने सगे संबंधियों का पूरा लाभ मिलेगा। आपके ऊपर काम का दबाव अधिक रहने से आप थोड़ा परेशान रहेंगे। यदि परिवार में किसी सदस्य की सेहत संबंधित कोई समस्या चल रही थी, तो वह भी काफी हद तक ठीक होगी।

**वृश्चिक**
आज का दिन आपके लिए अक्समात लाभ दिलाने वाला रहेगा। आपको अचानक धन लाभ होने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। आपके बॉस से आपके रिश्तों में कुछ कड़वाहट आ सकती है।

**धनु**
आज का दिन आपके लिए जल्दबाजी में कोई काम करने से बचने के लिए रहेगा। आपकी निर्णय लेने की क्षमता भी बेहतर रहेगी। भाई- बहनों से आपकी खूब पटेगी। आप परिवार के सदस्यों के साथ किसी मनोरंजन कर सकते हैं।

**मकर**
आज का दिन आपके लिए खुशनुमा रहने वाला है। परिवार में किसी मांगलिक कार्यक्रम का आयोजन हो सकता है। आपको छुटपुट लाभ की योजनाओं पर पूरा ध्यान देना होगा। आपके विरोधी सतर्क रहेंगे।

**कुंभ**
आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। आर्थिक स्थिति बेहतर रहेगी। प्रॉपर्टी से जुड़ें किसी मामले में आपको अच्छा बेनिफिट मिलेगा। आप अपने कारोबार में भी कुछ नई योजनाओं की शुरुआत कर सकते हैं।

**मीन**
आज आपकी रचनात्मक क्षमता बेहतर रहेगी और आप अपनी कला से लोगों को हैरान करेंगे। आप कोई निर्णय आज सोच समझकर लेंगे। संतान की पढ़ाई पर आप पूरा ध्यान देंगे। आप अपने रुके हुए कामों को भी निपटाने की कोशिश में लगे रहेंगे।

# स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार अभियान के तहत पीएचसी मुण्डिया में आयोजित हुआ मेगा स्वास्थ्य शिविर

## महिलाओं और किशोरियों को मिली विशेषज्ञ स्वास्थ्य सुविधाएं

बढ़ता राजस्थान

**टोंक (का.स.)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान और आठवें राष्ट्रीय पोषण माह अभियान का शुभारंभ किया गया। वही प्रदेश के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने जयपुर मे राज्य स्तरीय कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। यह अभियान 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक देश भर के आयुष्मान आरोग्य मंदिरों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (सीएचसी), जिला अस्पतालों और उप जिला अस्पतालों में आयोजित किये जा रहे है। ये स्वास्थ्य शिविरों में प्रदेश में महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य के लिये समर्पित है। जिले के सभी सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों में प्रतिदिन स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जाएंगे।

इसी क्रम में प्राथमिक स्वास्थ्य केंन्द्र मुण्डिया में सोमवार को स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत मेगा स्वास्थ्य शिविर आयोजित हुआ। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी टोंक डॉ. शैलेन्द्र सिंह चौधरी तथा खण्ड मुख्य चिकित्सा अधिकारी निवाई डॉ. दीपेन्द्र पांचाल ने शिविर का निरीक्षण कर चिकित्सा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। शिविर में महिलाओं और



ग्रामीणों को स्त्री एवं प्रसूति रोग परामर्श, गर्भवती एवं धात्री महिलाओं की जाँच, एनीमिया-कुपोषण स्क्रीनिंग, बाल स्वास्थ्य एवं पूर्ण टीकाकरण, मौसमी बीमारियों की जाँच, निःशुल्क दवाइयाँ, गैर-संचारी रोग परीक्षण, स्तन व गर्भाशय कैंसर की प्रारंभिक स्क्रीनिंग, टीबी, नेत्र रोग व अन्य संचारी रोगों की जाँच, विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा परामर्श तथा स्वास्थ्य, पोषण, स्वच्छता और परिवार नियोजन संबंधी मार्गदर्शन जैसी सेवाएँ उपलब्ध कराई गईं। इस मौके पर टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत सीएमएचओ डॉक्टर शैलेंद्र सिंह चौधरी एवं टीम द्वारा टीबी मरीजों को निक्षय पोषण किट का वितरण किया गया । आरबीएसके टीम द्वारा बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया । इस मेगा षिविर में डॉ नरेन्द्र बैरवा स्त्री रोग विशेषज्ञ, डॉ मुकेश समोता कनिष्ट विशेषज्ञ मेडीसीन डॉ ममता बिजारनियां नेत्र रोग विशेषज्ञ, दंत विशेषज्ञ डॉक्टर आकांक्षा तंवर, ऋषिराज जांगिड नेत्र सहायक अपनी विषेषज्ञ सेवायें दी।

डॉ. शैलेन्द्र सिंह चौधरी ने कहा कि स्वस्थ नारी ही सशक्त परिवार और समाज की आधारशिला है। यह अभियान ग्रामीण महिलाओं तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएँ पहुँचाकर हर परिवार को स्वस्थ जीवन की ओर अग्रसर कर रहा है। उन्होने बताया कि महिला स्वास्थ्य सेवाओं को सशक्त बनाने, मासिक धर्म स्वछता, पोषण को बढ़ावा देने, गैर संचारी रोग, कैंसर, एनिमिया, टीबी, टीकाकरण, प्रसव पूर्व जांच, मातृ शिशु स्वास्थ्य को प्रोत्साहन, रक्तदान व स्वास्थ्य के लिए जागरूकता हेतु समुदाय को संगठित करने के उद्देश्य से स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान शुरु किया गया है।

इस मौके पर आरसीएचओ डॉ. गोपाल जांगिड, एडी. सीएमएचओ डॉ. जितेन्द्र शर्मा, डीप्टी सीएमएचओ डॉ. अभिमन्यू डासवानी, डॉ. छगन लाल मीणा, अजय सिंह पंवार, टींकू राय, बीसीएमओ कार्यालय से बीपीएम जयदीप सिंह, बीएचएस राजेश गुर्जर, बीएनओ महावीर गौतम, पीएचसी मुण्डिया से स्टाफ डॉ. मुकेश कुमार चौधरी, श्योप्रकाश मीणा, दिलदार मीणा , गायत्री भगत, आरती बैरवा, सुमन मीणा , लोकेश कुमार सिंघल, करिश्मा जांगिड़, ममता चौधरी, परशुराम मीणा, दुर्गा लाल व अन्य उपस्थित रहे।

## हल्की देवी का वर्षों पुराना सपना हुआ साकार, भवन निर्माण की मिली स्वीकृति



**बढ़ता राजस्थान, सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** राज्य सरकार द्वारा शहरी सेवा शिविर, 2025 आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान और जरूरतमंद परिवारों को संबल प्रदान करने का सशक्त माध्यम बनते जा रहे हैं। सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत सवाई माधोपुर की नगरी निकायों में आयोजित शिविरों ने नागरिकों के जीवन में ठोस परिवर्तन की नई उम्मीद जगाई है। नगर परिषद गंगापुर सिटी परिसर में आयोजित शिविर के दौरान बजरंग नगर निवासी हल्की देवी को भवन निर्माण हेतु नगर परिषद से स्वीकृति पत्र प्राप्त होने पर हल्की देवी ने अपनी खुशी व्यक्त करते हुए कहा "शहरी सेवा शिविर गरीब, जरूरतमंद आमजन के लिए वरदान साबित हो रहे हैं। वर्षों पुराना मेरा सपना आज पूरा होने की राह पर है। इसी प्रकार नगर पालिका वजीरपुर में आयोजित शिविर वार्ड 5 एवं 6 के निवासियों के लिए उम्मीद की किरण लेकर आया। शिविर में दो अनाथ बालिकाओं मनीषा कुमारी और सुमन कुमारी का पालनहार योजना में चयन किया गया, जिससे अब उन्हें नियमित आर्थिक सहायता मिल सकेगी। यही नहीं, दोनों बालिकाओं के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के तहत आवेदन पत्र भरकर पोर्टल पर अपलोड कर दिया गया है, ताकि भविष्य में उन्हें अपना पक्का घर मिल सके। नगर पालिका अधिकारियों ने बताया कि राज्य सरकार के निर्देशानुसार शिविरों में नागरिकों की समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण किया जा रहा है।

## पुरानी टोंक में पंचकल्याणक महोत्सव की भव्य तैयारियाँ



**बढ़ता राजस्थान, टोंक (का.स.)।** पुरानी टोंक स्थित श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर श्याम बाबा में पंचकल्याणक महोत्सव के लिए भव्य तैयारियां चल रही है ।आगामी 7 से 12 नवंबर तक आयोजित होने वाले पंच कल्याणक महोत्सव के लिए जयपुर से भगवान पार्श्वनाथ की सवा नौ फीट की पद्मासन प्रतिमा टोंक पहुंचेगी । पंचकल्याणक महोत्सव समिति के अध्यक्ष ओमप्रकाश बाकलीवाल ने बताया कि निर्माणाधीन नवीन मंदिर के दर्शन एवं आगामी पंचकल्याणक महोत्सव को लेकर सोमवार को समाज गौरव श्री अशोक पाटनी टोंक आएं जहां उन्होंने परम पूज्य वात्सल्य वारीधी आचार्य वर्धमान सागर महाराज के दर्शन किए। तत्पश्चात पुरानी टोंक स्थित पांचो मंदिर के दर्शनों के लिए पधारे जहां पर उन्होंने पंच कल्याणक महोत्सव की चल रही तैयारीयो का अवलोकन किया एवं समाज के युवाओं को मार्गदर्शन दिया। समाज के राजेश अरिहंत ने बताया कि भव्य पंच कल्याणक महोत्सव परम पूज्य आचार्य वर्धमान सागर महाराज ससंघ के पावन सानिध्य एवं पंडित हंसमुख शास्त्री व पंडित मनोज शास्त्री के कुशल निर्देशन में संपन्न होगा।

## नवशारदीय नवरात्रा पर घर-घर हुई घट स्थापना,दर्शनों के लिए उमड़े श्रद्धालु

**बढ़ता राजस्थान, निवाई (का.स.)।** शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में सोमवार को मंदिरों व घरों में विधिवत रूप से नवशारदीय नवरात्रा पर घट स्थापना की गई। मंदिरों में देवी-देवताओं के दर्शनों के लिए श्रृद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। नवरात्रा के प्रथम दिन पार्वती मां के शैलपुत्री रूप की पूजा हुई। नवरात्रा के चलते सोमवार को मंदिरों में देवी-देवताओं की झांकियां सजाकर मुहुर्त के अनुसार विधिवत रूप से घट स्थापना की गई। घटस्थापना को लेकर शहर के एतिहासिक बावडी वाले बालाजी के मंदिर, कंकाली माता के मंदिर, संतोषी माता के मंदिर, दादूदयाल आश्रम, कुंज बिहारी आश्रम, विश्वशांति आश्रम, बस स्टेण्ड बालाजी, मोरिया वाले बालाजी, पेट्रोल पम्प के सामने वीर बालाजी, दुर्गामाता मंदिर, भगवान गौरीशंकर महादेव मंदिर, श्री चिंताहरण गणेश मंदिर, कृषि मंडी स्थित भगवान लक्ष्मीनाथ मंदिर एवं खाटू श्यामजी मन्दिर सहित जयसिंहपुरा बालाजी, बंजारी माता मूण्डिया, पहाडी नाडी वाले बालाजी, खण्डवा व नला सहित कई गांवों में स्थित मंदिरों पर दिन भर कई धार्मिक अनुष्ठानों की धूम मची रही तथा मंदिरों में दर्शनों के लिए श्रद्घालुओं का तांता लगा रहा। नवरात्रा को लेकर श्री कंकाली माता मंदिर में विशेष तैयारियां की गई हैं। माताजी के मंदिर को भव्य रूप से विद्त लाईटों से सजाया गया है। मंदिर के पीछे रक्तांचल पर्वत पर भी रंगीनी रोशनी की गई है।



## बौरंगी में भरे पानी डूबने से बच्चे की हुई मौत

**बढ़ता राजस्थान, निवाई (का.स.)।** रक्तांचल पहाड़ के पीछे स्थित बौरंगी में भरे पानी में डूबने से एक बच्चे की मौत हो गई। थानाधिकारी रामजीलाल बैरवा ने बताया कि परिजनों ने जानकारी दी कि प्रिंस सैनी पुत्र टीकम सैनी उर्फ बबलू निवासी पहाड़ी चुंगी नाका रविवार को ट्यूशन पढकऱ करीब 3 बजे आया और बस्ता रखकर घर से चला गया। देर शाम तक वापस नहीं लौटने पर उसकी तलाश की। आसपास ढूंढने के बाद भी नहीं मिलने पर परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पुलिस बच्चे की तलाश में लग गई और आसपास लगे हुए सीसी टीवी कैमरों को चेक किया तो वह 4 बजे तक मोहल्ले में ही दिखाई दिया। सोमवार की सुबह पानी के किनारे चप्पलें व कपड़े पड़े हुए देखकर लोगों ने परिवारजनों को सूचित किया। सूचना पर पुलिस व परिवारजन मौके पर पहुंचे। पुलिस ने एसडीआरएफ की टीम को मौके पर बुलवाया।



## प्रत्येक कार्यकर्ता अधिकाधिक करें श्रमदान- विधायक रामसहाय वर्मा

**बढ़ता राजस्थान, निवाई (का.स.)।** भाजपा शहर मंडल के तत्वावधान में सोमवार को भाजपा सेवा पखवाड़ा के तहत झिलाय रोड पर स्थित मोक्षधाम में विधायक रामसहाय वर्मा एवं नगरपालिका अध्यक्ष दिलीप इसरानी के नेतृत्व में भाजपा के कार्यकर्ताओं ने पौधारोपण व श्रमदान किया। विधायक रामसहाय वर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी स्वच्छ भारत मिशन अभियान व भाजपा सेवा पखवाड़ा को सफल बनाने के लिए प्रत्येक कार्यकर्ता अधिकाधिक श्रमदान करें।

### विशाल रथ यात्रा में उमड़े श्रद्धालु

## श्री अग्रसेन जयंती महोत्सव को लेकर हुए कई सांस्कृतिक कार्यक्रम

बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** अग्रवाल समाज के तत्वावधान श्री अग्रसेन महाराज जयंती को लेकर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया एवं विशाल रथ यात्रा निकाली गई। जिसमें श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। समिति के ताराचन्द बोहरा व राकेश अग्रवाल ने बताया कि श्री अग्रसेन महाराज की जयंती पर आयोजित दो दिवसीय समारोह को लेकर नसियां जैन मंदिर में महिला मंडल के तत्वावधान में महाराजा अग्रसेन की जीवनी पर नाटक की प्रस्तुतियां दी गई। इस दौरान महिलाओं द्वारा कई सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। उन्होंने बताया कि जयंती को लेकर विशाल रथ यात्रा निकाली गई। रथ यात्रा अग्रवाल धर्मशाला से रवाना होते हुए खारी कुई, चोहट्टी बाजार, चतुर्भुज बाजार व बस स्टेंड होते हुए श्री जैन नसियां मन्दिर पहुंची। रथ यात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा करके स्वागत किया गया। इस दौरान महाराजा अग्रसेनजी की महाआरती की गई। इस अवसर पर महावीर प्रसाद पराणा, पार्षद ओमप्रकाश गुप्ता, ताराचंद रामनगर, ताराचंद बोहरा, राकेशकुमार अग्रवाल, अनिलकुमार पहाड़ी, रवि अग्रवाल, दिनेश गिन्दोडी, दिनेशकुमार मंगल, आशीषकुमार जैन, जितेन्द्रकुमार जैन, मोहनलाल अग्रवाल व राकेश बोहरा सहित कई गणमान्य लोग मोजूद थे।

### क्रियाकर्म की चल रही थी तैयारियां, गले पर दिखा निशान तो बुलाई पुलिस

## विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

बढ़ता राजस्थान





**सवाई माधोपुर/ गंगापुरसिटी (राकेश शर्मा)।** जिले के वजीरपुर उपखण्ड क्षेत्र के मोहचा का पुरा में विगत दिनों एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। पहले जहां महिला की मौत हार्ट अटैक से बताकर अंतिम संस्कार की तैयारियां की जा रही थी, वहीं एकाएक गले पर निशान दिखने पर पीहर पक्ष ने पुलिस बुला ली। इसके बाद शव को गंगापुरसिटी राजकीय सामान्य चिकित्सालय लाया गया, जहां पर पोस्टमार्टम कराया। इधर, फुलवाड़ा पेपट निवासी विवाहिता पूजा पत्नी अवधेश जाटव के पिता ने पीलोदा थाने में ससुराल जनों के खिलाफ दहेज हत्या का मामला दर्ज कराया है। प्राथमिकी में पिता रतीराम ने बताया कि बेटी की शादी मई 2012 में मोहचा का पुरा निवासी अवधेश से की थी। इसके कुछ साल बाद ही बेटी से लडन्ना-झगडन्ना शुरू कर दिया। कई बार समझाइश की गई, लेकिन ससुराल वाले नहीं माने। कई बार मारपीट कर पीहर भेज देते, लेकिन हम समझाइश कर फिर से भेज देते थे। बेटी से सास रूपन व उसके बेटे अवधेश, राकेश, अमीन सभी मारपीट करते थे। शनिवार को उनके पास फोन आया तो छोटी बेटी काजल ने बताया कि पापा जीजी कुछ बोल नहीं रही है। फिर बताया कि उसे श्रीमहावीरजी में निजी चिकित्सालय में लेकर गए हैं। उसके बाद जानकारी दी कि पूजा की मौत हो गई है। रात को ही सभी ससुराल पहुंचे। सुबह हिन्दू रीति रिवाज के तहत शव को नहलाते समय छोटे भाई की पत्नी को पूजा के गले पर निशान दिखाई दिए। इस पर अंतिम संस्कार के लिए इनकार कर दिया। साथ ही पुलिस को सूचित किया। इस दौरान पति व ससुराल वाले झगडऩे लगे। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर राजकीय चिकित्सालय गंगापुरसिटी पहुंचाया।

इधर, थाना प्रभारी मानसिंह ने बताया कि दहेज हत्या का मामला दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

## सब्जी मंडी से 30 किलो पॉलिथीन जप्त कर 11 सौ रुपए का किया चालान

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** नगर परिषद सभापति जयप्रकाश सामरिया एवं आयुक्त डॉ. बनवारी लाल मीणा के संयुक्त निर्देशन में शहरी सेवा शिविर अभियान-2025 के अंतर्गत सफाई व्यवस्था को लेकर भी नगर परिषद सवाई माधोपुर द्वारा विशेष सफाई अभियान कार्य चलाया जा रहा है जिसके अंतर्गत गंदगी करने वाले दुकानदारों के चालान काटने एवं पॉलीथिन जप्त करने की कार्यवाही नगर परिषद द्वारा की जा रही है। नगर परिषद आयुक्त डॉ. बनवारी लाल मीना ने बताया कि राज्य सरकार के निर्देश पर चलाएं जा रहे शहरी सेवा शिविर के अंतर्गत सोमवार को नगर परिषद टीम द्वारा बजरिया स्थित सब्जी मंडी में सब्जी विक्रेताओं से लगभग 30 किलो पॉलिथीन जप्त करने की कार्यवाही की गई तथा 11 सौ रुपए का चालान काटकर जुर्माना भी वसूला गया। इस दौरान टीम द्वारा दुकानदारों से भविष्य में सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने, सफाई व्यवस्था रखने एवं स्वयं ही अतिक्रमण हटाने के लिए समझाइश भी की गई। आयुक्त ने बताया कि अभियान के तहत इस तरह की कार्यवाही आगे भी जारी रहेगी तथा सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। कार्यवाही के दौरान मुख्य सफाई निरीक्षक शिवराम मीना, कार्यवाहक सफाई प्रभारी मानटाउन अनमीत सिंह, सफाई इंचार्ज शिवराज टांक, जमादार गौत्तम, राहुल, आशाराम आदि मौजूद रहे।



## आरपीएफ ने सोने-चांदी के आभूषण व नकदी से भरा बैग महिला यात्री को लौटाया

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** जिले में गंगापुरसिटी रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने एक महिला यात्री का सोने-चांदी के आभूषण व नकदी से भरा बैग वापस लौटा कर उत्कृष्ट सेवा का परिचय दिया है। बैग सुरक्षित मिलने से महिला खासी खुश नजर आई। यहां गंगापुरसिटी आरपीएफ पोस्ट पर सवाईमाधोपुर पोस्ट से सूचना मिली कि गाड़ी संया 12903 के कोच बी-5 की सीट नंबर 69 के नीचे एक महिला यात्री का ग्रे कलर का बैग छूट गया है। जिसमें महिला का मोबाइल एवं गोल्ड का कीमती सामान रखा हुआ है। सूचना पर प्रधान आरक्षक विक्रम सिंह व आरक्षक विक्रम मीणा ने गाड़ी के गंगापुरसिटी स्टेशन आगमन के दौरान बी-5 कोच की उक्त सीट को अटेंड किया तो सीट के नीचे एक ग्रे कलर का लावारिश बैग मिला। जिसे पोस्ट कार्यालय में उप निरीक्षक अशोक मीणा को सुपुर्द किया। उप निरीक्षक ने दो स्वतंत्र गवाहों को बुलवाकर बैग में रखे सामान को चेक किया। जिसमें 11 हजार रुपए नकद, कान की सोने की लोंग, 2 सोने की चैन, 2 सोने के कांटे, करीब 10 ग्राम वजनी सोने का बिस्किट, चांदी का ब्रेसलेट, महंगा मोबाइल फोन, गणेशजी की मूर्ति, रुपयों से भरा हुआ गुल्लक, स्प्रे, 2 एटीम कार्ड एवं कपड़े आदि मिले। बाद में सूचना पर पहुंची महिला यात्री वंदना मोजीवाल निवासी ग्राम नाहरवाडी, थाना बरुनी टोंक को उक्त सामान सुपुर्द किया है। महिला ने बताया कि सवाईमाधोपुर स्टेशन पर ट्रेन से उतरने की जल्दबाजी में कोच में ही अपना बैग भूल गई थी, जिसकी सूचना सवाईमाधोपुर आरपीएफ पोस्ट को दी गई थी।



### तालियां बजाईं, पर ट्रेन की सीटी नहीं बजी

## कोटा-भोपाल रेलमार्ग पर 6 महीने से अटका सपना

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** कोटा रेल मंडल में कोटा जिले के रामगंज मंडी और मध्य प्रदेश के भोपाल को जोडऩे वाली 276 किमी रेल लाइन का सपना अभी भी अधूरा पड़ा है। ऐसा लगता है कि मानो पटरी पर ब्रेक लग गया हो। इस रूट पर नया गांव से खिलचीपुर तक नई रेल लाइन 6 महीने पहले बनकर तैयार हो गई, तत्कालीन संरक्षा आयुक्त मनोज अरोड़ा ने 20 फरवरी 2025 को निरीक्षण कर मंजूरी भी दे दी, लेकिन ट्रेन की सीटी अब तक नहीं बजी।

**कोटा रामगंजमंडी-भोपाल परियोजना का मामला**

कोटा रेल मंडल में 165 किमी ट्रैक में 126 किमी पूरा हो चुका है, और नयागांव-खिलचीपुर (22.32 किमी) पर 130 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से ट्रायल भी हो गया। फिर भी, यात्रियों को इंतजार करना पड़ रहा है। घाटोली तक ट्रेनें दौड़ रही हैं, लेकिन आगे का सफर ठप्प हो गया। बारां-झालावाड़ सांसद दुष्यंत सिंह इस रुकावट से नाराज हैं। वे कोटा से खिलचीपुर तक नई ट्रेन या मौजूदा ट्रेन के विस्तार की मांग कर रहे हैं। मंडल रेल उपयोगकर्ता समिति की हालिया बैठक में धीरज गुप्ता तेज ने आमेठा स्टेशन पर ठहराव और झालावाड़ सिटी में पिट लाइन बनाने की आवाज उठाई। लोग पूछ रहे हैं- क्या रेलवे की पटरी पर नींद आ गई?



**रेलवे ने कहा- प्रक्रिया चल रही**

कोटा रेल मंडल के सीनियर डीसीएम सौरभ जैन बताते हैं कि प्रस्ताव मुख्यालय को भेजा हुआ है। ट्रेन लिंक, स्टेशन सुविधाएं और ट्रैफिक का आकलन हो रहा है। लेकिन कब तक? यात्री बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं, जबकि यह रूट आर्थिक और सामाजिक कनेक्टिविटी का सुनहरा मौका है। क्या रेलवे इस पटरी को जल्दी गति दे पाएगा, यह देखना दिलचस्प होगा।

## दशहरा महोत्सव की तैयारियों को लेकर आयोजित हुई बैठक

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़, अलवर।** आगामी दशहरा महोत्सव को लेकर तैयारियां तेज़ हो गई हैं। तैयारियों को लेकर दशहरा महोत्सव समिति की बैठक समिति अध्यक्ष मुकेश गजानन्द जैमन की अध्यक्षता में गोल सर्किल पर आयोजित हुई। समिति सचिव जगदीश सैनी ने जानकारी देते हुए बताया कि इस वर्ष की आतिशबाजी विशेष होगी। उन्होंने बताया कि इस बार रावण जयपुर एवं उत्तर प्रदेश के हाथरस से आए कारीगरों द्वारा तैयार किया जा रहा है। 61 फीट रावण का पुतला भी आकर्षक व प्रतिमात्मक रूप में सजाया जाएगा।

इसके अलावा विभिन्न प्रकार की झाँकियाँए वानर सेना भी दर्शकों के आकर्षण का केंद्र रहेंगी। रावण दहन के लिए भगवान राम की सेना रूपी शोभायात्रा सैनी धर्मशाला से आरंभ होकर मुख्य मार्गों से होते हुए प्रताप स्टेडियम दशहरा मैदान पहुंचेगी। इस दौरान गोल चक्कर पर भगवान राम की महाआरती की जाएगी। इस अवसर पर पार्षद गौरव कसेराए संजय खंडेलवालए पुखराज शर्माए यशवंत गोयलए रोहित विजयए लोकेश सैनीए संजय शर्माए सुखराम सैनीए अभिषेक खंडेलवालए गोपाल मिश्रा सहित अनेक समिति सदस्य उपस्थित रहे।

## जिला स्तरीय सीनियर महिला व पुरुष मुक्केबाजी प्रतियोगिता 28 सितंबर को

बढ़ता राजस्थान

**अलवर।** संघ के अध्यक्ष दिनेश भार्गव ने बताया कि रविवारए 28 सितंबर 2025 को अलवर में जिला स्तरीय सीनियर पुरुष एवं महिला मुक्केबाजी चैंपियनशिप का आयोजन किया जाएगा।

इस प्रतियोगिता में वर्ष 1985 से 2006 के मध्य में जन्मे हुए पुरुष एवं महिला मुक्केबाज भाग ले सकते हैं। इस प्रतियोगिता के विजेता खिलाडियों का चयन 9 से 11 अक्टूबर को जोधपुर में होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए किया जाएगा।

## रोटरी क्लब अलवर ने सहचरी प्रोजेक्ट के तहत सेनेटरी नैपकिन का निशुल्क वितरण किया



बढ़ता राजस्थान

**अलवर।** रोटरी क्लब ऑफ अलवर की महिला सदस्यों ने एक महत्वपूर्ण स्थायी मासिक प्रोजेक्ट सहचरी के तहत सेनेटरी नैपकिन का निशुल्क वितरण किया । इस माह ये सेनेटरी नैपकिन कबीर कॉलोनी नेहा हॉस्पिटल के पास जरूरतमंद महिलाओं को किया गया । रोटरी क्लब अलवर अध्यक्ष बबिता खंडेलवाल ने बताया कि सेनेटरी नैपकिन का निरूशुल्क वितरण महिला सशक्तिकरण के तहत किया जाता है जो महिला स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। एक वर्ष के लिए निशुल्क सेनेटरी नैपकिन अलका गुप्ता पत्नी रोटेरियन संजीव गुप्ता द्वारा दिये जा रहे हैं। कार्यक्रम में रोटरी क्लब अध्यक्ष बबिता खंडेलवालए शिप्रा वर्माए संगीता हीरावतए अन्नू मित्तलए कविता खंडेलवालए ममता खन्ना आदि उपस्थित थे ।

## अग्रवाल महिला मंडल द्वारा प्रतियोगिता हुई आयोजित



बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी।** श्री अग्रसेन जयंती के उपलक्ष्य में अग्रवाल महिला मंडल द्वारा प्रतियोगिताओं का कार्यक्रम रखा गया। जिसमें श्री अग्रसेन भगवान की मूर्ति पर अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्वलित कर एवं माल्यार्पण कर अग्रसेन भगवान की आरती की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अग्रवाल सभा के अध्यक्ष राधेश्याम गर्ग ;एडवोकेटद्ध उपाध्यक्ष रामकुमार गर्ग और महामंत्री हरिशंकर मंगल ;सर्राफद्ध और युवा मंडल अध्यक्ष सचिन बंसल और महामंत्री मंथन मित्तल मौजूद रहे। श्री अग्रवाल पंचायती धर्मशाला में कुर्सी दौड़ए रंगोली एवं सेलेट प्रतियोगिता कराई गई। कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता की संयोजक नीलम मंगल और सुनीता मित्तल रहीं। रंगोली प्रतियोगिता की संयोजक शीतल मंगल और रानी गर्ग रहीं। सेलेट प्रतियोगिता की संयोजक नीलम गर्ग एवं निर्मला गर्ग रहीं। सभी बच्चों ने प्रतियोगिता में बढ़.चढक़र के भाग लिया। कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय तृतीय पर आने वाले बच्चों को गिफ्ट देकर सम्मानित किया गया। साथ ही तीन बच्चों को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। रंगोली में जज के रूप में जिलाध्यक्ष सरोज मंगल एवं राष्ट्रीय मंत्री कमलेश गर्ग ;आर्यद्ध को बुलाया गया। उनके निर्णय के अनुसार प्रथम द्वितीय तृतीय पर आने वाले बच्चों को इनाम वितरित की गई। सैलेड प्रतियोगिता में जज के रूप में निरमा सिंगल एवं नीतू सिंगल को बुलाया गया। उनके निर्णय के अनुसार प्रथम द्वितीय तृतीय आने वाले बच्चों को इनाम दी गई। साथ ही पांच बच्चियों को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। महिला मंडल की अध्यक्ष ऊषा मित्तल और महामंत्री सुमन मंगल की देखरेख में पूरा कार्यक्रम संपन्न किया गया। इस अवसर पर महिला मंडल की पूरी कार्यकारिणी टीम मौजूद रहीं। एवं सभी ने बढ़.चढक़र हिस्सा लिया। इसमें लता मंगलए कविता मित्तलए प्रिंसी गर्गए आशा बंसलए विद्या देवी जिंदलए उर्मिला मंगलए मीरा मित्तल आदि महिलाएं मौजूद रहीं।

## कस्बा नगर गांव में एक ही परिवार के लोगो में हिस्सा बांट को लेकर झगड़ा

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी।** उपखंड के बसई डांग थाना क्षेत्र के कस्बा नगर गांव में एक ही परिवार के लोगों में हिस्सा.बट को लेकर झगड़ा और हमले के साथ फायरिंग का मामला सामने आया है। घटना में घायल पिता.पुत्र और उसके भाई को पुलिस द्वारा बाड़ी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां से एक बुजुर्ग के हाथ में छर्रे लगे होने के चलते प्राथमिक उपचार के बाद धौलपुर रेफर किया गया है। घटना को लेकर बसई डांग थाना पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# अलवर में जयकारों के बीच निकली भव्य स्वर्ण रथयात्रा, श्रद्धालुओं का उमड़ा सैलाब, श्रीजी की आरती कर जगह-जगह हुई अगवानी

बढ़ता राजस्थान





**अलवर।** अलवर शहर में रविवार को जैन धर्मावलम्बियों के लिये उत्साह भरा दिन रहा। अलवर में 25 समवशरणों की प्रतिकृति के साथ आयोजित किये जा रहे श्री कल्पद्रुम महामंडल विधान एवं विश्व शांति महायज्ञ के कार्यक्रम के तहत रविवार को पहले दिन शहर में भव्य स्वर्ण रथयात्रा निकाली गई जिसमें जैन धर्मावलम्बियों का सैलाब उमड़ पड़ा। जैन धर्मावलम्बी अपने परिवार सहित इस रथयात्रा को देखने तथा स्वर्ण रथ में विराजमान श्रीजी के दर्शन करने के लिये उमड़ पड़े। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण स्वर्ण रथ को श्रद्धालुओं द्वारा हाथों से खींचने का रहा जिसमें महेश जैन सीए के संयोजन में अनेक श्रद्धालु स्वर्ण रथ को अपने हाथों से खींच रहे थे वहीं अनेक महिलाएं सिर कलश लिये हुए चल रही थी। स्थानीय मुंशी बाजार स्थित जैन मंदिर से यह रथयात्रा शुरू हुई जिसमें सबसे आगे अश्वों पर सवार श्रद्धालु जैन ध्वज लेकर चल रहे थे। अश्वों के पीछे 3 हाथी चल रहे थे जिसमें सबसे आगे चक्रवर्ती के पात्र बैठे हुए थे। बैण्ड बाजे और नपीरी वादक पूरे रास्ते भजनों की स्वर लहरियां बिखेरते हुए चल रहे थे तथा भजन गायक भजनों के स्वरों से लोगों का ध्यान आकर्षित कर रहे थे। बग्गियों में भी समवशरण विधान के प्रमुख पात्र बैठे हुए थे। रथयात्रा के दौरान श्रद्धालुजन नृत्य के साथ जिनेन्द्र भक्ति करते हुए चल रहे थे और पूरा माहौल जैन धर्म की प्रभावना से भरा नजर आ रहा था। वीर चौक पर जब यह रथयात्रा पहुंची तो वहां वीर चौक जैन व्यवसायी संघ व अम्बिया साउंड एजैन कटपीस सेंटरए ऑटो वर्क्स एसीकर हार्डवेयरए चंदनएचंचलएदिनेश जैनए आलोक जैनएऑटोर हार्डवेयर चंदन ऑटो प्रमोद इलेक्ट्रॉनिक्स की तरफ से रथयात्रा की अगवानी की गई और इस कार्यक्रम को अपना सानिध्य प्रदान कर रहे दिगम्बर जैन संत उपाध्याय विज्ञानन्द महाराज ससंघ पधारे जहां बच्चू सिंह जैनएचातुर्मास कमेटी संयोजक पवन जैन चौधरी आदि ने विज्ञानन्द महाराज का पाद प्रक्षालन किया तथा जैन समाज के विशिष्टए वरिष्ठजनों का अभिनन्दन किया। शहर के प्रमुख मार्गों से होती हुई यह रथयात्रा जैन नसिया जी स्थित कार्यक्रम स्थल पहुंची।

आज से शुरू होगा विधानरू. श्री चन्द्रप्रभ् दिगम्बर जैन पंचायती मंदिर कमेटी के अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद जैन व वर्षायोग कमेटी के संयोजक पवन जैन चौधरी ने बताया कि रथयात्रा के पश्चात अब जैन नसिया जी स्थित जैन वाटिका में 23 सितम्बर से 28 सितम्बर तक सुबह 6 बजे से श्रीजी का अभिषेकए शांतिधाराए नित्य नियम पूजन के बाद श्री कल्पद्रुम महामंडल विधान व विश्व शांति महायज्ञ होगा तथा शाम को प्रतिदिन सांस्कृतिक व धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। इस विधान हेतु विशाल पाण्डाल तैयार किया गया है जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु नर.नारी विधान पूजन करेंगे।

## मोनिका भारती की नियुक्ति पर मंथन फाउंडेशन ने किया सम्मान समारोह आयोजित




बढ़ता राजस्थान

**बहरोड़, सुभाष यादव।** जवाहर नवोदय विद्यालय में शिक्षिका के पद पर चयनित होने पर मंथन फाउंडेशन चैरिटेबल ट्रस्ट की दिव्यांग ब्रांड एम्बेसडर मोनिका भारती का मंथन फाउंडेशन ने सम्मान समारोह आयोजित किया। जब आंखों ने अरमान लियाए मंजिल को अपना मान लिया।फिर मुश्किल क्या और आसान क्या जब ठान लिया तो ठान लिया।। इन्हीं शब्दों को चरितार्थ करके दिखाया है मोनिका भारती ने।इस दौरान मंथन सचिव डॉण् सविता गोस्वामी ने बताया कि बहरोड़ निवासी मोनिका जन्म से ही दृष्टि बाधित थीए ऑपरेशन के बाद कुछ रोशनी लौटी। जिसके साथ उसका जीवन आसान नहीं था लेकिन फिर भी उन्होंने नृत्य की अपनी प्रतिभा की उभाराए गत 15 वर्षों से निरंतर प्रयास जारी रख कथक में स्नातकोत्तर डिग्री हासिल की। उनकी इस तपस्या का परिणाम उनको जवाहर नवोदय विद्यालय पाटन में नृत्य ;कथकद्ध शिक्षिका के रूप में चयनित होकर मिला। इस सफलता पर मंथन फाउंडेशन द्वारा कार्यालय में उनके लिए स्वागत व सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

फूल माला पहनाकरए दुपट्टा ओढ़ाकरए उपहार व स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका सम्मान किया तथा मिठाई खिलाकर सभी ने बधाई दी।इस दौरान अपने वक्तव्य में मोनिका ने जन्म से लेकर अब तक की कहानी अपनी जुबानी सुनाईए जीवन के उतार चढ़ावए नृत्य के लिए उनका संघर्षए लगन व समर्पण की दास्तान सुनाते हुए इस सफलता का श्रेय अपनी नानी व मामा मामी को दिया।

## भाजपा ने घोषित की अलवर दक्षिण में उपखंड स्तर पर प्रभारी सूची

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़।** भारतीय जनता पार्टीए जिला अलवर ;दक्षिणद्ध ने संगठनात्मक मजबूती और सेवा शिविरों के सफल संचालन के लिए उपखंड स्तर पर प्रभारी और सहप्रभारी नियुक्त किए हैं जिला प्रभारी हरिशंकर खंडेलवालए सहप्रभारी दिगम्बर सैनी व महेन्द्र शर्मा ;पटवारीद्ध के मार्गदर्शन में 9 उपखंडों कृ अलवर शहरए मालाखेड़ाए गोविंदगढ़ए रामगढ़ए राजगढ़ए लक्ष्मणगढ़ए रैणीए कठूमर और थानागाजी में नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। भाजपा ने ग्रामीण एवं शहरी सेवा शिविर के लिए उपखंड स्तर पर प्रभारी व सहप्रभारी नियुक्त किए हैं। जिला प्रभारी हरिशंकर खण्डेलवाल ने बताया कि राजगढ़ विधानसभा क्षेत्र के प्रभारी प्रेमनाथ धामाणीए सुरेश शर्माए राजेंद्र तिवारीए रैणी से देवकरण मीनाए बादल सैनए किशन बटवाड़ाए लक्ष्मणगढ़ से प्रदीप जैनए ईश्वर नकड़ाए रामसिंह दिनकर को नियुक्त किया। पार्टी पदाधिकारियों का कहना है कि इन नियुक्तियों से संगठन बूथ स्तर तक और अधिक मजबूत होगा।

## डीग में महाराजा अग्रसेन जयंती पर 9 वृद्ध जनों और 24 प्रतिभाओं को किया गया सम्मानित

### मेहंदी में अक्षिता और निबंध में कनिष्का रही है अब्बल

बढ़ता राजस्थान




**डीग।** अग्रवाल समाज के पितामह महाराजा अग्रसेन समाजवाद के प्रणेता थे उन्होंने अपने राज्य अग्रोहा में एक ईंट एक रुपया सिद्धांत लागू कर दुनिया में समाजवाद की नींव रखी यह बात सोमवार को कामा गेट स्थित एक फार्म हाउस में आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में अग्रवाल समाज डीग के अध्यक्ष चंदन बंसल ने कही ।

इस अवसर अग्रवाल समाज सेवा संस्थान द्वारा 80 वर्ष से अधिक उम्र के 9 वृद्ध जन और समाज की भारतीय प्रशासनिक सेवा में चयनित अनुकृति गोयल सहित 24 प्रतिभाओं को प्रशस्ति पत्र और प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

प्रातरू 5 बजे मंदिर श्री द्वारकाधीश से बच्चों और युवाओं द्वारा शहर में महाराजा अग्रसेन का जय घोष लगाते हुए प्रभात फेरी निकाली। इसके उपरांत सुगन चंद गुप्ता द्वारा अग्रवाल सेवा संस्थान पर ध्वजारोहण किया गया। हवन के बाद आयोजित मेंहदी प्रतियोगिता में अक्षिता गर्ग ने प्रथमए गौरी गोयल ने द्वितीय और हितांशी गर्ग ने तृतीय स्थान प्राप्त कियाए निबंध प्रतियोगिता में कनिष्का प्रथम मुस्कान द्वितीय और हर्षित ने तृतीय स्थान हासिल किया। देर सांय मंदिर श्री द्वारकाधीश में फूल बंगला झांकी और प्रसादी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जैन समाज के अध्यक्ष गोपाल प्रसाद जैनए दिनेश अग्रवाल चंद्रभान एरनए राजनाथ गुप्ता एसुरेश चंद अकाउंटेंट उमेश बंसल राजेंद्र गोयलए राजेंद्र सर्राफ राहुल गोयल अमित जैन सहित बड़ी संख्या में अग्रवाल समाज के लोग उपस्थित थे। डीग में लाला मुरारी लाल स्मृति अग्रवाल सेवा संस्थान ट्रस्ट अग्रोहा नरेश श्री अग्रसेन जी महाराज की जयंती बड़े धूमधाम से मनाई गई।

ध्वाजारोहण के पश्चात सभी लोगों ने महाराजा श्री अग्रसेन जी महाराज की मूर्ति पर माल्यार्पण कर दीप प्रचलित किया गया।

संस्थान के अध्यक्ष पंकज भूषण गोयल ने श्री महाराजा अग्रसेन जी के जीवन चरित्र पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस अवसर पर बाबूलाल गोयलए सुनील डंगियाए प्राचार्य सुरेश चंद्र गुप्ताए विशाल गोयलए श्याम बंसलए फूल लोहियाए सीताराम ए पंकज ए कृष्ण डंगियाए पूरन बंसल आदि लोग उपस्थित थे।

## गोसेवा से आत्मनिर्भरता तक श्री जडख़ोर गोशाला बनेगी मिसाल जोराराम कुमावत

### गीता और गौ माता सनातन संस्कृति की आत्मा है, जवाहर सिंह बेढम

बढ़ता राजस्थान



**डीग।** देवस्थान, गौपालन, पशुपालन एवं डेयरी विभाग मंत्री जोराराम कुमावत ने सोमवार को डीग के श्री जडख़ोर गोधाम में श्रीकृष्ण.बलराम गो.आराधन महोत्सव में सभी लोगों को आह्वान किया कि वे गीता के ज्ञान को केवल शास्त्र तक सीमित न रखेंए बल्कि इसे व्यवहार और आचरण में भी उतारें। यही गीता का वास्तविक आत्मसात होगा।

देवस्थानए गौपालनए पशुपालन एवं डेयरी विभाग मंत्री जोराराम कुमावत ने श्री जडख़ोर गोधाम का अबलोकन करते हुए गोशाला को हर स्तर पर सहयोग देने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि गोशालाएँ केवल आस्था का केंद्र ही नहींए बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था और आत्मनिर्भर भारत की धुरी भी बन सकती हैं। उन्होंने कहा कि गौमाता की सेवा करना सौभाग्य की बात है। मंत्री कुमावत ने कहा कि सरकार गोशालाओं को आधुनिक सुविधाओं से जोडऩे और उनके उत्पादों को बाजार उपलब्ध कराने की दिशा में कार्य कर रही है। उन्होंने श्री जडख़ोर गोशाला की सराहना करते हुए कहा कि यह पूरे प्रदेश में आदर्श मॉडल के रूप में स्थापित होगी।

इस अवसर पर्व गृहए गौपालनए पशुपालनए राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म ने कहा कि गीता और गाय सनातन संस्कृति की आत्मा है।सनातन धर्म केवल आस्था का विषय नहीं हैए बल्कि वैज्ञानिक दृष्टि से करोड़ों वर्षों से प्रमाणित जीवनपद्धति है। उन्होंने कहा कि सनातन वैज्ञानिक पुष्ट धर्म को हर किसी को आत्मसात करना चाहिएए क्योंकि यही संस्कृति वसुधैव कुटुंबकम् का सजीव संदेश देती है। गृह राज्य मंत्री बेढम ने कहा कि वेदए पुराण और संत.महात्माओं की शिक्षाओं का अनुसरण करते हुए हमें वासुदेव कुटुंबकम् के कार्यक्रम चलाने चाहिए। भारतीय संस्कृति की जड़ें संस्कारों से बनी हैं। भरत और राम की आदर्श गाथाएँ पन्ना धाय का बलिदान और ऐसी अनगिनत कहानियाँ इस संस्कृति की अमर नींव हैं। उन्होंने गौमाता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गाय का दूध स्मृति को तीव्र करता है और शरीर को निरोगी बनाता है।

## महाराजा अग्रसेन जयंती के अवसर पर दिनभर में हुए अनेक कार्यक्रम

बढ़ता राजस्थान

**बानसूर।** नगर पालिका क्षेत्र में स्थितअग्रसेन भवन में महाराजा अग्रसेन जयन्ती पर अनेक कार्यक्रम आयोजित हुए। प्रातरूकालीन09बजकर15मिनिट पर मन्त्रोंचार से पूजा अर्चना की गईं।उसके बाद महाराजा अग्रसेन के ध्वज जो सूर्यवंशी होने का प्रमाण देता है है उसका ध्वजरोहण किया गया। तत्पश्चात गणेश वंदना और माता लक्ष्मी सहित महाराजा अग्रसेन की आरती की गईं। वहीं दोपहर 02बजे से सांय 04बजे तक उपस्थित लोगों के लिए अल्पाहार की व्यवस्था रही। उसके बाद महाराजा अग्रसेन की भव्य सौभायात्रा निकाली गईं। जिसमें घोड़ा बघियों सहित में सवार माता लक्ष्मी और महाराजा अग्रसेन की झांकी विशेष आकर्षक रही। वहीं बैंडबाजे के साथ निकली भव्य शौभायात्रा में भगवान शिवए हनुमान जी महाराजए श्रीकृष्ण सहित अनेक झाँकियां समलित रही। इस मौके पर भगवान शिव व माता पार्वती के रूप में विराजमान भगवान शिव व माता पार्वती ने भूतए भविष्य और वर्तमान के साथ भव्य नृत्य भी किया। जो लोगों के लिए मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा। रात्रि को प्रतिभाओं का सम्मान किया जाएगा और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन होगा। इस मौके पर अग्रवाल समाज के कोऑर्डिनेटर अनील सिंघलए अध्यक्ष बृजमोहन एरन सहित अग्रवाल समाज की करकारिणी और समाज के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## अखिल भारतीय यादव महासभा अहीर के कार्यकारी अध्यक्ष का हुआ सम्मान



बढ़ता राजस्थान

**बानसूर।** नगर पालिका क्षेत्र स्थित मानशी मार्किट में अखिल भारतीय यादव महासभा अहीर के कार्यकारी जिलाध्यक्ष अजय यादव गुरूजी का भव्य सम्मान किया गया। इस मौके पर कांग्रेसजनों सहित भाजपाई भी पीछे नहीं रहे। भाजपा के राजेश सिंघल ने बताया कि हमने क्लासमेट यादव समाज के लिए गौरव के विषय में नवनियुक्त कार्यकारी अध्यक्ष अजय यादव उर्फ़ गुरूजी का सम्मान सर्वसमाज के गणमान्य लोगों द्वारा किया गया है जो उचित भी है। मेरा तो साथी था है और रहेगाए उसकी विचारधारा क्या है वह उस पर काम करेगा मैं मेरी विचारधारा पर काम करूँगा। मुझे गर्व है कि बानसूर विधानसभा क्षेत्र का कोई तो नागरिक जिलाध्यक्ष बना जो एक राष्ट्रीय सामाजिक संगठन है। अन्यथा देखता रहा हूँ कि पुलिए तक जाने की सिर्फ हिम्मत उन्हें इसलिए मिलती है कि वे किसी मंत्री या विधायक का सम्मान करने जाते हैं !जो एक चिन्ता का विषय है और आने वाले भविष्य में भी रहेगा !इस मौके पर अखिल भारतीय यादव महासभा अहीर के कार्यकारी अध्यक्ष अजय गुरूजी को बनाने पर संगठन के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करता हूँ कि कोयले की खान से यह हीरा कहाँ से मिल गया।

इस दौरान वसुंधरा राजे समर्थक मंच के प्रदेश उपाध्यक्ष बृजमोहन शर्माए पूर्व नगर पालिका पार्षद डॉ नरेश सैनएरोशनलाल सैनीए लोकेश वर्माएकांग्रेस के शहर अध्यक्ष राहुल कुमार आर्यएमण्डल अध्यक्ष मुकेश सैनी नेताजीए केतली के राजाराम सैनीएखिल्लू सैनी सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

# राज्य और केंद्र सरकार की नीति कोरा ढकोसला नेता प्रतिपक्ष जूली

बढ़ता राजस्थान

**अलवर।** नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने राज्य और केंद्र सरकार की नीतियों को कोरा ढकोसला बताते हुए आज मोती डूंगरी स्थित कार्यालय पर प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि इनके पास जनता को लॉलीपॉप देने के सिवा और कोई काम नहीं बचा है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि केंद्र और राज्य सरकार केवल वाह वाही लूट रही है धरातल पर जनता के काम तो वहीं के वहीं रखें हैं उन्होंने सरस डेयरी चुनावए भूमाफियाओं को संरक्षणए विदेश नीतिए अमेरिका द्वारा लग गए टैरिफए कानून व्यवस्थाए परिसीमनए वोट चोरी सहित विभिन्न मुद्दों पर केंद्र और राज्य सरकार को जमकर घेरा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में हर वर्ग पर अत्याचार बढ़ रहे हैंएकानून व्यवस्था चौपट हैए मुख्यमंत्री से प्रदेश में अलग से गृह मंत्री बनाने की मांग की। उन्होंने कहा कि अलवर में आसपास के सरकारी मंदिरों और लोगों की जमीनों पर भू.माफियाओं द्वारा नाजायज कब्जे किए जा रहे हैं। प्रशासन भू.माफियों को संरक्षण दे रहा है।उन्होंने कहा कि प्रशासन में अलवर के नेताओं का कंट्रोल नहीं है प्रदेश में हालात असामान्य हो गए हैं। उन्होंने कहा कि केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव के



पास प्रधानमंत्री मोदी को चमकाने के अलावा और कोई काम नहीं है तथा अलवर प्रशासन में केंद्र और राज्य के नेताओं का नियंत्रण नहीं है।

**प्रदेश में पुलिस का इकबाल खत्म :** नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था चौपट हो गई है मुख्यमंत्री के गृह जिले में ही पुलिस पीट रही है। पुलिस का इकबाल अब प्रदेश में खत्म हो गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस तंत्र पूरी तरह करप्शन में जकड़ा हुआ हैएमाफिया हावी हो गए हैंए उन्होंने पूरे सिस्टम को टेकओवर कर लिया हैए सरकार जवाब नहीं दे पा रही और मुख्यमंत्री के पास प्रदेश की समस्याओं को सुनने व देखने का समय नहीं है।

**जीएसटी पर खुलकर बोले नेता प्रतिपक्ष जूली :** नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा कि जीएसटी कम होने का लाभ जनता को नहीं मिलेगा सरकार निगरानी रखे जिस अनुपात में जीएसटी घटी उसी अनुपात में दरे भी कम होए सरकारी संस्थाओं ने दरें घटाने की बात की लेकिन प्राइवेट संस्थानों में उत्पादों पर दरें कम करने की बात नहीं किए जीएसटी घटाने का फायदा प्राइवेट संस्थानों को मिलेगा और जनता को दोहरी मार झेलनी पड़ेगी।

**केंद्रीय मंत्री अलवर में जमाना चाहते हैं अपना हस्तक्षेप :** नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने आरोप लगाते हुए कहा कि केंद्रीय मंत्री अलवर में अपना हस्तक्षेप जमाना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि पहले कांग्रेस समर्थित सरस डेयरी अध्यक्ष अच्छे से काम कर रहे थे लेकिन षड्यंत्र रचकर उनको हटाया गया। केंद्रीय मंत्री अपने पीए को अध्यक्ष बनना चाहते हैंए सुना है कि उनको किसी समिति का अध्यक्ष भी बनाया हुआ है।

**जूली बोले अमेरिका कर रहा तानाशाही :** नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने विदेश नीति का जिक्र करते हुए कहा कि अमेरिका तानाशाही करने में लगा है हमारी विदेश नीति पर आज सवाल खड़े हो गए हैं पाकिस्तान से लड़ाई हुई तो कोई देश हमारे साथ नहीं है चीन के साथ मोदी सरकार दिखने लगी है।

## महाराजा श्री अग्रसेन जयन्ती महोत्सव पर निकली शोभायात्रा



**बढ़ता राजस्थान, कोटा (विनोद गौड़)।** अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन कोटा के तत्वावधान में महाराजा श्री अग्रसेन की शोभायात्रा गीता भवन से शुरू हुई। चेयरमेन रामगोपाल अग्रवाल ने बताया कि शोभायात्रा में 18 घोड़ों पर सवार महाराजा अग्रसेन के राजकुमार के रूप में समाज के18 युवक विराजमान थे। वहीं महाराजा अग्रसेन व माता माधवी की झांकियां भी बग्गी में सज धजकर निकाली गई। संस्था के अध्यक्ष चंद्रप्रकाश सिंघल व महामंत्री रमेश गोयल ने बताया कि कार्यक्रम में अतिथि विधायक सन्दीप शर्मा व मेला समिति के अध्यक्ष विवेक राजवंशी, लव शर्मा, भाजपा नेता जगदीश जिंदल ने गीता भवन से शोभायात्रा को हरी झंडी दिखाकर को रवाना किया। संदीप शर्मा ने महाराजा श्री अग्रसेन के बताए मार्ग पर चलने की सीख दी। प्रवक्ता संजय गोयल, युवा अध्यक्ष सुमित जैन, महामंत्री लोकेश गुप्ता ने बताया कि कर्मयोगी सेवा संस्थान के अध्यक्ष राजाराम जैन के संयोजन में ऑपरेशन सिंदूर को समर्पित विजय यात्रा भारत के लाल अग्रवाल का संदेश देते हुए भारत माता की झांकी, राजा राम दरबार साथ में थी। 12 फीट ऊंचे व विशाल वीर हनुमान जी की झांकी भी चल रही थी। ढोल वादक दल और कच्छी घोड़ी नृत्य करते कलाकारों के समूह भी साथ थे। बैंड बाजे और डीजे की धुन पर हजारों की संख्या में अग्र महिला व पुरूष, युवा व युवतियां नाचते गाते चल रहे थे। जगह जगह शोभायात्रा का स्वागत हुआ व जगह जगह आरती की गई।

## केरियरविल नीट ने लॉन्च की मेगा टेस्ट सीरीज़ सीडब्ल्यू-एनटीएस, अब मिलेगा छात्रों को रैंक सुधारने का मौका



**बढ़ता राजस्थान, कोटा (का.स.)।** मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट की तैयारी कर रहे छात्रों के लिए कोटा से बड़ी खबर आई है। केरियरविल नीट कोटा ने अपनी बहुप्रतीक्षित और रणनीतिक रूप से डिज़ाइन की गई सीडब्ल्यू-एनटीएस केरियरविल टेस्ट सीरीज़ का शुभारंभ किया है। इस टेस्ट सीरीज़ के तहत 28 सितम्बर 2025 से 29 अप्रैल 2026 तक कुल 57 टेस्ट आयोजित किए जाएंगे। सभी परीक्षाएं सिर्फ कोटा में ऑफ़लाइन मोड पर होंगी। प्रश्नपत्र कोटा के अनुभवी फैकल्टी द्वारा तैयार किए गए हैं और यह पूरी तरह नीट पैटर्न पर आधारित होंगे। टेस्ट के बाद छात्रों को ऑल इंडिया रैंक और विस्तृत परफॉरमेंस रिपोर्ट उपलब्ध कराई जाएगी। केरियरविल का कहना है कि इस पहल का उद्देश्य छात्रों को वास्तविक परीक्षा जैसा माहौल और अनुशासन प्रदान करना है। इसके लिए संस्थान ने कोटा के प्रतिष्ठित स्कूलों को परीक्षा केंद्र के रूप में चुना है। केरियरविल टीम का मानना है कि सीडब्ल्यू-एनटीएस केवल एक टेस्ट सीरीज़ नहीं बल्कि एक ऐसी रणनीति है, जो छात्रों को आत्म-मूल्यांकन और सुधार की दिशा दिखाती है।

## झालरापाटन में श्री आदि गौड़ ब्राह्मण समाज की बैठक सम्पन्न, प्रतिभा सम्मान समारोह व नई कार्यकारिणी गठन के लिए निर्णय



**बढ़ता राजस्थान, कोटा/झालरा पाटन (विनोद गौड़)।** समाज में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन करने के साथ मृत्यु भोज जैसी कुरीति को बंद करने पर सहमति बनाने के लिए सभा का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता. सीताराम गौड़, अमृत गौड,राधेश्याम गौड़ हरीगढ वाले,नवनीत गौड़, होकम गौड़, रामबाबू गौड़ ने समाज में एकता बनाये रखने, जरूरत मंद परिवारों को सहयोग करने प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित करने, पर विचार व्यक्त किये। झालावाड़ की बैठक श्रीआदि गौड़ ब्राह्मण समाज के मन्दिर झालरापाटन पर सम्पन्न हुई, बैठक की अध्यक्षता समाज लालचन्द गौड़ ने की।

मुख्य अतिथि रमेशचन्द रहे, संचालन महामंत्री लालचन्द्र गौड़ ने किया, बैठक में झालरापाटन तहसील की कार्यकारणी का गठन निम्नानुसार किया गया सरक्षक - लालचन्द डा0 विरचीलाल गौड,अध्यक्ष चन्द्र गौड़, उपाध्यक्ष अशोक गौड़, कोषाध्यक्ष- लालचन्द गौड़ पुत्र शिवनारायण गौड़, सचिव- कपिल गौड़,मंत्री. रामगोपाल गौड़, मिडिया प्रभारी- शितल गौड़, सगठन मंत्री हरीश गौड़ सदस्य- शोभाराम गौड़, सुरेशचन्द्र गौड़, रमेशचन्द गौड को मनोनीत कर जिला अध्यक्ष द्वारा नव कार्यकारणी सदस्यों को शपथ दिलायी गयी । अंत में जिला अध्यक्ष वालकृष्ण गौड़ द्वारा सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया गया, और स्नेह भोज उपरांत सभा का समापन किया गया।

## मेला दशहरा का शुभारंभ आज से



**बढ़ता राजस्थान, कोटा (का.स.)।** कोटा का राष्ट्रीय दशहरा मेले का विधिवत शुभारंभ सोमवार को किया जायेगा। श्री राम रंगमंच पर रंगारंग महारास के द्वारा 132 वें राष्ट्रीय दशहरा मेला का आगाज होगा। नगर निगम पत्रकारों से बातचीत करते हुए मेला अध्यक्ष विवेक राजवंशी ने बताया कि उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला होंगे कार्यक्रम में शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ऊर्जा मंत्री हीरालाल नगर विधायक शांति कुमार धारीवाल कोटा दक्षिण विधायक संदीप शर्मा लाडपुरा विधायक कल्पना देवी तथा दक्षिण महापौर राजीव अग्रवाल उत्तर महापुर मंजूर मेहरा सहित सभी पक्ष विपक्ष के पदाधिकारी भी उपस्थित रहेंगे।

### गर्व से कहो यह स्वदेशी है.. का स्लोगन लिखे बोर्ड बांटे

# जीएसटी 2.0, देश की आर्थिक मजबूती और जनता की बचत दोनों के लिए डबल डोज है : ऊर्जा मंत्री

बढ़ता राजस्थान



**कोटा/ सांगोद, (विनोद गौड़)।** सोमवार को जीएसटी बचत उत्सव के तहत सांगोद में जागरूकता रैली निकाली गई।

ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने व्यापारियों से संवाद किया। फूल देकर स्वदेशी अपनाने और स्वदेशी बेचने का आग्रह किया।

मंत्री ने बपावर रोड पर सांगोद से रैली की शुरुआत की। इसके बाद मुख्य बाजारों से होते हुए गांधी चौराहा पहुंचे। उन्होंने विभिन्न दुकानों पर जाकर व्यापारियों से स्वदेशी और आत्मनिर्भर भारत के बारे में चर्चा की। उन्होंने गर्व से कहो यह स्वदेशी है.. का स्लोगन लिखे बोर्ड बांटे। फूल देकर दुकानों पर लगाने का आग्रह किया।

घर-घर स्वदेशी, हर घर स्वदेशी/ घटी जीएसटी मिला उपहार, धन्यवाद मोदी सरकार/ कम जीएसटी का लाभ उठाओ, स्वदेशी उत्पाद घर लाओ / हम सबने ठाना है, भारत को आत्मनिर्भर बनाना है/ स्वदेशी उत्पाद अपनाएं, देश को विकास की ओर ले जाएं/ त्यौहार में स्वदेशी का दीप जलाएं, अपने जीवन में भी इसे अपनाएं सरीखे स्लोगन लिखी तख्तियां ले रखी थी। इस अवसर पर ऊर्जा मंत्री नागर ने कहा कि आज से नया जीएसटी लागू हो गया है। जिसमें अब केवल दो मुख्य टैक्स स्लैब होंगे 5त्न और 18त्न हैं । इससे रोजमर्रा की वस्तुएं सस्ती हो गईं हैं। उन्होंने बताया कि यह जीएसटी 2.0, देश की आर्थिक मजबूती और जनता की बचत दोनों के लिए डबल डोज है। उर्जा मंत्री ने कहा कि पीएम मोदी ने नई जीएसटी को भारत की शानदार अर्थव्यवस्था में पंचरत्न बताया हैं। पहला, टैक्स सिस्टम कहीं अधिक सिंपल हुआ। दूसरा, भारत के नागरिकों की क्वालिटी ऑफ लाइफ और बढ़ेगी। तीसरा, कंजम्शन और ग्रोथ दोनों को नया बूस्टर मिलेगा और चौथा, ईज ऑफ डूइंग बिजनेस से निवेश और नौकरी को बल मिलेगा और पाँचवां, विकसित भारत के लिए को-ऑपरेटिव फेडरलिज्म यानि राज्यों और केंद्र की साझेदारी और मजबूत होगी। देश आत्मनिर्भर तभी बनेगा जब हम विदेशी वस्तुओं की पहचान करके स्वदेशी विकल्प अपनाएंगे। इस अवसर पर पंचायत समिति उपप्रधान ओम अड़ूसा, ओम मेहता, पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष जगदीश शर्मा, जिला उपाध्यक्ष दिलीप गर्ग, नगर अध्यक्ष चन्द्रप्रकाश सोनी, देहात अध्यक्ष मुरारी मेहता, राजेश शर्मा, सेवा पखवाड़ा जिला सह संयोजक कृष्णकुमार गर्ग, नगर महामंत्री प्रवीण गर्ग, बुद्धिप्रकाश राठौर, ब्रज बिहारी सुमन, प्रेम गौत्तम, पुरुषोत्तम सेन, उपाध्यक्ष रामावतार वर्मा, प्रदीप सोनी, तुलसीराम पारेता आदि मौजूद रहे।

## श्री अग्रसेन जयंती पर निकली शोभायात्रा, भाजपा जनप्रतिनिधियों ने पुष्पवर्षा कर किया स्वागत

बढ़ता राजस्थान



**निम्बाहेड़ा (नि.स.)।** श्री महाराजा अग्रसेन जयंती के अवसर पर सोमवार को नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। बैंड-बाजों और धार्मिक उत्साह के साथ यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पुरुष एवं महिलाओं के साथ युवा शामिल हुए। शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए गुजरी, जहां जगह-जगह समाजबंधुओं एवं नागरिकों ने पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया।

इस अवसर पर पूर्व विधायक अशोक नवलखा की विशेष उपस्थिति एवं भाजपा नगर अध्यक्ष कपिल चौधरी के नेतृत्व में भाजपा पदाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने बस स्टैंड परिसर के बहार शोभायात्रा पर पुष्पवर्षा कर अग्रवाल समाज को शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों ने कहा कि महाराजा अग्रसेन का जीवन हमें सेवा, सहयोग और समाजहित के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। नगर में निकली यह शोभायात्रा धार्मिक आस्था और सामाजिक एकता का अद्भुत उदाहरण बनी।

इस दौरान नगर भाजपा महामंत्री कमलेश बनवार, उपाध्यक्ष गोपाल पंचौली, जगदीश माली, क्रेता व्यापार संघ अध्यक्ष नानालाल भूतड़ा, भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ जिला संयोजक उमेश तोतला, भाजपा नगर मंत्री धर्मपाल जाट, भाजयुमो नगर महामंत्री डॉ. आशीष टांक, चिराग मंत्री, हितेश जोशी, अंतरिक्ष साहू, रवि सोनी, गणपत गवारिया, ओम जीनगर, अनुराग अग्रवाल, विधानसभा आईटी संयोजक दीपक अग्रवाल आदि सहित भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

## जे. के.सीमेंट वर्क्स एवं लायंस क्लब के संयुक्त तत्वाधान मे स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत नागरिकों को जूट बैग के साथ पौधे बांटे

बढ़ता राजस्थान



**निम्बाहेड़ा (नि.स.)।** जे.के. सीमेंट वर्क्स, निम्बाहेड़ा व मांगरोल एवं लायंस क्लब के तत्वाधान से कृषि उपज मंडी निम्बाहेड़ा मे स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत पर्यावरण संरक्षण जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। इस कार्यक्रम में नागरिकों को जूट बैग व पौधे का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य दैनिक जीवन मे पॉलिथीन के प्रयोग को रोका जा सके, जिससे जगह जगहो पर पॉलिथीन का कचरा नही बिखरे। यह कार्यक्रम जे.के. सीमेंट के यूनिट हेड मनीष तोषनीवाल और एच.आर. हेड प्रभाकर मिश्रा के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया।

जे. के. सीमेंट निम्बाहेड़ा के टेक्निकल हैड राजेश सोनी ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे दैनिक जीवन में प्लास्टिक व पॉलिथीन का प्रयोग बहुत बढ़ गया है। इन प्लास्टिक व पॉलिथीन का जो कचरा है ये हमारे वातावरण को बहुत दूषित कर रहा है। जे.के. सीमेंट द्वारा वितरित ये जुटे बैग कुछ हद तक पॉलिथीन व प्लास्टिक के प्रयोग को रोकेंगे। जे.के.सीमेंट निम्बाहेड़ा के एच. आर.हेड प्रभाकर मिश्रा ने कहा कि जे. के. सीमेंट कई प्रकार की सामाजिक गतिविधियो के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण व स्वछता को बड़ावा देने के लिए इस तरह के प्रयास करता आया है और आगे भी करता रहेगा। जे. के. सीमेंट से सी.एस.आर.हैड राहुल कुमार ने बताया कि इस कार्यक्रम के माध्यम से जे.के. सीमेंट निम्बाहेड़ा सिर्फ प्लास्टिक व पॉलिथीन के प्रयोग को रोकने की एक पहल कर रहा है।

## अग्रवाल समाज द्वारा हर्षोल्लास पारम्परिक तरीके से मनाई गई महाराजा अग्रसेन जी की जयंती

बढ़ता राजस्थान

**चौमहला(आबिद हुसैन)।** झालावाड़ जिले के चौमहला नगर के अग्रवाल समाज द्वारा अपने पितृ पुरुष महाराजा श्री अग्रसेन जयंती को लेकर चौमहला नगर में दो दिवसीय कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ आयोजित हुए। समाज के अमित अग्रवाल ने बताया कि अग्रवाल समाज द्वारा पितृपुरुष महाराजा अग्रसेन जी जयंती धूमधाम के साथ बनाई गई।जिसके तहत प्रथम दिन अग्रवाल महिला मंडल द्वारा 21 सितंबर रविवार को श्री गणेश वंदना के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की गई। जिसमें बच्चों की फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता आयोजित हुई, जिसमें बच्चों द्वारा हनुमान जी,श्रवण कुमार, झांसी की रानी, होटल वेटर, परी, खरगोश, शिक्षक आदि बनकर बच्चों ने अपने किरदार के अनुसार अपना सुन्दर परिचय दिया। फिर महिलाओं की बंदरवाल प्रतियोगिता,मोमबत्ती जलाओ प्रतियोगिता, लकी ड्रा, 1 मिनट प्रतियोगिता बोल बैलेंस कलेक्ट, स्ट्रॉ कलेक्ट आदि कार्यक्रम हर आयु वर्ग के अनुसार बच्चों युवा महिलाओं के आयोजित हुए फिर द्वितीय दिन जयंती पर बच्चों व महिलाओं की नृत्य प्रतियोगिता कपल गेम व प्रतिभावान विद्यार्थियों व नेत्रदानी का प्रतीक चिन्ह दुप्पटा पहनाकर सम्मान किया गया।

## नवरात्रि के पावन अवसर पर पूर्व सहकारिता मंत्री उदयलाल आंजना ने किए अम्बामाता मंदिर में दर्शन

बढ़ता राजस्थान



**निम्बाहेड़ा (नि.स.)।** शारदीय नवरात्रि के शुभारंभ पर आज निम्बाहेड़ा स्थित प्रमुख शक्तिपीठ श्री अम्बामाता जी मंदिर में पूर्व सहकारिता मंत्री उदयलाल आंजना ने कार्यकृताओ के साथ पहुँचकर माँ अम्बे के दर्शन किए एवं पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद लिया।

इस अवसर पर आंजना ने प्रार्थना कि माँ अम्बे हम सभी पर अपनी कृपा दृष्टि बनाए रखें और जन-जन के जीवन में सुख, शांति व समृद्धि प्रदान करें। पूर्व सहकारिता मंत्री आँजना ने समस्त क्षेत्रवासियों एवं देशवासियों को शक्ति उपासना के महापर्व शारदीय नवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएँ एवं बधाई दी।

मंदिर परिसर में अम्बामाता मंदिर समिति के अध्यक्ष चेन सिंह चोहान ने पूर्व सहकारिता मंत्री का स्वागत किया एवं माँ अम्बे के जयकारों के साथ वातावरण को भक्तिमय बना दिया। कार्यक्रम के दौरान मंदिर समिति के अध्यक्ष चेन सिंह चौहान, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष सुभाष शारदा, नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बंशीलाल राईवाल, संगठन महासचिव रविप्रकाश सोनी, जिला फुटबॉल संघ के कोषाध्यक्ष मनोज पारख, युवा कांग्रेस के विधानसभा अध्यक्ष जसवंत सिंह आँजना, पूर्व पार्षद शोभालाल जाट, ओमप्रकाश शर्मा, राजेश सांड, युवा कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष रामकिशन चौधरी, क्रय-विक्रय सहकारी समिति छोटीसादड़ी के अध्यक्ष श्याम सुंदर धाकड़, पुष्पकांत आमेटा, नंदकिशोर जनवा, अनिल धाकड़, युवा कांग्रेस के विधानसभा उपाध्यक्ष मुकेश धाकड़, पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष धीरज नगरिया, आदित्य पहाडिया इत्यादि पदाधिकारीगण एवं अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### 217 वे दिन भी जारी रहा धरना

# सरकार से जे के मजदूरों का बकाया वेतन 500 करोड़ रुपयों अधिक- सीटू

बढ़ता राजस्थान



**कोटा (का.स.)।** कोटा जिला कलेक्ट्रेट के सामने जे के मजदूरों को बकाया वेतन भुगतान सरकार से दिलाने कि मांग को लेकर 18 फ़रवरी 2025 से चल रहा सीटू के बैनर तले तीनो यूनियनों के मजदूर नेताओं कामरेड हबीब खान, कामरेड उमाशंकर, कामरेड नरेंद्र के नैतृत्व मे जे के मजदूरों का धरना सोमवार को 217 वे दिन भी जारी रहा। धरने के संचालक मजदूर नेता कामरेड नरेंद्रसिंह ने धरने उपस्थित मजदूरों को सम्बोधित करते हुए ओर सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि सुप्रिम कोर्ट ने राजस्थान सरकार को जो मजदूरों के हित मे आदेश जारी किया था उसे सरकार से लागु करवाकर रहेंगे । ओर 28 साल से फैक्ट्री कि तरफ बकाया 500 करोड़ रुपयों से अधिक का मजदूरों का वेतन सरकार से फैक्ट्री के तमाम 4200 मजदूरों को दिलाकर रहेंगे। यह हमारे धरने का अंतिम निर्णय है । उन्होंने कहा राज्य सरकार ओर प्रशासन हमारे धैर्य कि परीक्षा ना लें क्योंकि मजदूर अभी तक शांति पूर्वक व धैर्य के साथ बैठकर बकाया वेतन भुगतान सरकार से करवाने कि मांग कर रहे है अगर सरकार ने जल्द मजदूरों कि बातो को नहीं सुना तो मजदूर अपना धैर्य खो सकते है ओर सरकार के खिलाफ उग्र आंदोलन का रूप धरने का काम कर सकते जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी सरकार कि ही होगी। धरने को चलते हुए सात महीने बीत चुके यह आठवा माह चल रहा है। मजदूर ठान चुके है ज़ब तक सरकार से पाई पाई का भुगतान नहीं करवाया जायेगा धरना जारी रहेगा फैसला सरकार को करना सरकार क्या चाहती है ज़ब तक मजदूरों को पैसा नहीं मिलेगा लाल झंडे के नैतृत्व मे जिला कलेक्ट्रेट के सामने अनिश्चित कालीन धरना जारी रहेगा।धरने को नरेंद्रसिंह कामरेड गोपाल शर्मा, कामरेड अशोकसिंह कामरेड केदार जोशी, कामरेड सतीश चद त्रिवेदी, आदि से सम्बोधित किया।

## अंतर्राष्ट्रीय समरसता मंच की अपील पर नेपाल के शहीद परिवारों को जोशी देंगे सहयोग

बढ़ता राजस्थान



**भुसावर (यतेन्द्र पाण्डेय)।** अंतर्राष्ट्रीय समरसता मंच एवं इंडो-नेपाल समरसता ऑर्गेनाइजेशन की अपील पर जंबूदीप पद्मश्री अवार्ड से सम्मानित, पूर्व प्रधानाचार्य एवं समाजसेवी शांतिलाल जोशी (बीकानेर) ने एक ऐतिहासिक पहल करते हुए नेपाल राष्ट्र में हुए उपद्रव के शहीदों के परिवारों में से दो परिवारों को गोद लिया है।

जोशी मंच के माध्यम से इन परिवारों को 25,000 की आर्थिक सहायता राशि प्रदान करेंगे, जिससे उनके दुःख को कम करने का मानवीय प्रयास किया जाएगा।

मंच के मुख्य सलाहकार डॉ. कुलदीप प्रसाद शर्मा (एडवोकेट, ईस्ट वेस्ट लॉ फर्म) ने बताया कि शांतिलाल जोशी मंच के सक्रिय एवं प्रमुख सदस्य हैं। नेपाल राष्ट्र में दिसंबर 2024 में नेपाल सरकार के कार्यक्रमों के दौरान उनका सम्मान भी किया गया था। उस समय नेपाल की आम जनता ने उन्हें भरपूर प्यार और सम्मान दिया था।

नेपाल राष्ट्र के मंच के बोर्ड सलाहकार सदस्य एवं पूर्व अध्यक्ष प्रेस परिषद नेपाल बोर्न बहादुर कार्की ने इस ऐतिहासिक सहयोग पर जोशी का हार्दिक अभिनंदन किया और कहा कि यह पहल शहीद परिवारों को नई दिशा प्रदान करेगी। जोशी ने कहा मानवता की सेवा और देशप्रेम से बढ़कर दुनिया में कुछ भी नहीं है। भारत और नेपाल के बीच आत्मीय संबंधों को विपत्ति काल में और भी मजबूती देने की जिम्मेदारी हम सबकी है। मंच की अपील पर मैंने स्वप्रेरणा से यह कदम मानव सेवा के लिए उठाया है। इस प्रकार अंतर्राष्ट्रीय समरसता मंच की अपील को मूर्त रूप देते हुए शांतिलाल जोशी ने भारत-नेपाल संबंधों को और प्रगाढ़ बनाने की दिशा में मानवीय एवं प्रेरणादायी योगदान दिया है। मंच द्वारा सभी प्रतिभाओं को आहवान किया गया है कि आप भी कम से कम एक परिवार को गोद लेकर नेपाल राष्ट्र के शहीद परिवारों को आर्थिक संबल प्रदान करें।

## मुख्यमंत्री सम्मान निधि योजना प्रारंभ

बढ़ता राजस्थान

**भुसावर (यतेन्द्र पाण्डेय)।** मुख्यमंत्री स्वनिधि योजना प्रारंभ की है। नगर पालिका अधिशासी अधिकारी ने बताया कि इस योजना के माध्यम से नगर पालिका भुसावर की सीमा में रहने वाले ,होम डिलीवरी का काम करने वाले,रिक्शा चालक,घर पर कार्य करने वाले,भवन निर्माण श्रमिक,सफाई का काम करने वाले,मैला उठाने वाले,हाथ से काम करने वाले श्रमिक, शिल्पकार,कपड़े,बर्तन,आभूषणनिर्माण करता,हॉकर,आदि जिनकी उम्र 18 से 60 वर्ष तक है उनको योजना के माध्यम से 10000,20000,50000 रुपये का लोन सस्ती व्याज दर पर बैंको के माध्यम से दिया जावेगा। लोन का आवेदन करने हेतु ई मित्र पर जाकर कर सकते है।

अधिक जानकारी के लिए नगरपालिका भुसावर योजना प्रभारी प्रदीप गुर्जर मोबा.9462464748 से सम्पर्क कर सकते है।

## अग्रसेन जयंती के अवसर पर हेल्प सोसाइटी का रक्तदान शिविर आयोजित



बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी (राजू शर्मा)।** शहर में अग्रसेन जयंती महोत्सव के तहत अग्रवाल समाज द्वारा दो दिवसीय कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। जिसके प्रथम दिन रविवार को जहां सुबह नवयुवक मंडल द्वारा समाज के बच्चों के लिए खेलकूद प्रतियोगिता कराई गई। वहीं दिन में अग्रवाल फाउंडेशन हेल्प सोसाइटी द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

रक्तदान शिविर के दौरान धौलपुर के मुख्य न्यायाधीश अरुण कुमार अग्रवाल के साथ बाड़ी एडीजे सुनील कुमार गुप्ता,धौलपुर डकैती कोर्ट के एडीजे राकेश गोयल,एसीजेएम चित्रांक्षी सिंह,एसीजेएम आयुष गुप्ता,एमजेएम बसेड़ी प्रशंसा अग्रवाल के अग्रवाल समाज के पदाधिकारी और शहर के गणमान्य नागरिकों ने शिरकत की।

डीजे अरुण कुमार अग्रवाल ने मंच को संबोधित करते हुए कहा कि दुनिया की किसी भी मशीन या फैक्ट्री में रक्त को नहीं बनाया जा सकता। यह ईश्वर द्वारा प्रदत मानवीय जीवन के लिए एक बहुमूल्य उपहार है। जैसे भूखे को भोजन करना सबसे बड़ा पुण्य है। उसी प्रकार रक्तदान भी महान है। हमे अपनी स्वेच्छा से रक्तदान जरूर करना चाहिए। डीजे ने युवाओं को रक्तदान के लिए प्रेरित करने वाली हेल्प सोसाइटी संस्था की भी सराहना की। इस दौरान डीजे ने खुद शिविर में रक्तदान किया। अग्रवाल फाउंडेशन के अध्यक्ष दिलीप मंगल ने बताया की अग्रसेन जयंती महोत्सव पर फाउंडेशन द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन लोगों की जान बचाने,रक्त की कमी को दूर करने हेतु किया गया। इस शिविर के लिए न केवल अग्रवाल समाज बल्कि सर्व समाज के युवाओं ने अपना सहयोग दिया है। शिविर में कुल सवा तीन सौ यूनिट रक्तदान हुआ। इस दौरान नेत्रदान को लेकर भी मोटिवेशनल अभियान चलाया गया है। जिसमें शहर की 21 नागरिकों ने अपनी मृत्यु उपरांत नेत्रदान का संकल्प लिया।

रक्तदान शिविर के दौरान अग्रवाल समाज की पूर्व जिला अध्यक्ष मुकेश सिंघल,मुन्नालाल मंगल,सतीश चंद्र, हेल्प सोसाइटी के फाउंडर रोहित मंगल,राजेंद्र गर्ग,सागर बंसल, अभिनव गर्ग,विपिन मित्तल,कपिल गर्ग के साथ अग्रवाल समाज की महिला जिलाध्यक्ष सरोज मंगल,निरमा अग्रवाल,कमलेश देवी,विमला देवी रोशनी शिवहरे के साथ विभिन्न स्वयंसेवी संस्थाओं के पदाधिकारी,नवयुवक मंडल,महिला मंडल और युवा मौजूद रहे।

### शारदीय नवरात्र का हुआ शुभारंभ, घर-घर हुई मां की घट स्थापना

# मातारानी के मंदिर पर उमड़ी श्रद्धा, दो दर्जन से अधिक पंडालों में विराजी देवी

बढ़ता राजस्थान



**बाड़ी (राजू शर्मा)।** श्राद्ध पक्ष के समाप्त होने पर सोमवार से शारदीय नवरात्र की शुरु हो गए। जिसको लेकर सुबह से ही शहर के आस्था के केंद्र मां राज राजेश्वरी के मंदिर पर आस्था का सैलाब देखा गया। शहर के घरो में सुबह सवेरे शुभ मुहूर्त में घट स्थापना की गई। अब नौ दिन तक मां दुर्गा के नौ शक्ति स्वरूपों की आराधना की जाएगी। महिलाओं के साथ माता के भक्त श्रद्धालु व्रत रखेंगे। इस बार घट स्थापना के लिए पूरा दिन ही शुभ मुहूर्त बताया गया है।शारदीय नवरात्र में प्रथम दिन माता के पहले शक्ति स्वरूप मां शैलपुत्री की पूजा अर्चना की जा रही है।

क्षेत्र के इन मंदिरों में नौ दिन होंगे आयोजन

शहर के राज राजेश्वरी माता मंदिर के साथ सेढ़ माता मंदिर, पुराना बाजार पाताल देवी मंदिर, होद हनुमान मंदिर, मानस भवन बम-बम आश्रम तुलसीवन रोड़, हथियापोर स्थित श्रीराम मंदिर, किला परिसर में कुशवाह बस्ती, कीड़ी मोहल्ले में मोर हनुमान मंदिर के साथ कई अन्य स्थानों पर मातारानी की सामूहिक स्थापना के साथ 9 दिन तक धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा। वही शहर के अलग-अलग मोहल्लों और कॉलोनियों में पंडाल लगाकर सामूहिक रूप से भी देवी प्रतिमाओं को विराजित किया गया है। जहां सुबह शाम महाआरती के साथ धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा।

### सामूहिक स्थापना के लिए निकल शहर में कलश एवं शोभायात्रा

मां राजेश्वरी के मंदिर से सामूहिक स्थापना के लिए देवी प्रतिमाओं को कलश एवं शोभायात्रा के साथ शहर के अलग-अलग स्थानों पर भक्तों द्वारा ले जाया गया। जिसके लिए यात्रा की सुरक्षा और रास्ता सुगम बनाने के लिए कोतवाली पुलिस और ट्रेफिक पुलिस द्वारा व्यवस्था की गई।

बम बम आश्रम पर महिषासुरमर्दनी की स्थापना

शहर के तुलसीवन रोड़ स्थित संत बम बम बाबा आश्रम पर भी मातारानी की सामूहिक स्थापना की गई है। यहां मातारानी के महिषासुरमर्दनी स्वरूप को सजाया गया हैं। संत बम बम बाबा ने बताया कि देवी का यह रूप विशेष रूप से बनवाया गया है। विगत वर्ष यहां काली मां की स्थापना की गई थी। देवी उपासना के प्रथम दिन यहां घट स्थापना के साथ आश्रम पर श्रद्धालु और भक्तों के लिए भंडारा भी किया गया।

## जयपुर से लौटे युवक पर अंबेडकर पार्क के पास हुआ लाठी-डंडों से हमला

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी (राजू शर्मा)।** शहर में रविवार की रात अंबेडकर पार्क के पास एक युवक पर पुरानी रंजिश में लाठी-डंडों से जानलेवा हमले का मामला सामने आया है। घटना में घायल युवक को सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने बाड़ी अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका प्राथमिक उपचार कर चिकित्सकों ने हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल धौलपुर रेफर किया है। घटना में घायल युवक के परिजनों का कहना है कि युवक जयपुर किसी काम से गया था,जहां से वापस लौट रहा था।

जानकारी के अनुसार सोने का गुर्जा थाना क्षेत्र के खिरकारी गांव निवासी 30 वर्षीय युवक धीरा पुत्र केदार गुर्जर जो दो दिन पूर्व जयपुर किसी काम से गया था। जहां से रविवार की रात 8 बजे बाड़ी लौटा था। इस दौरान घात लगाकर बैठे गांव के एक आधा दर्जन से अधिक लोगों ने उसे अंबेडकर पार्क पर घेर लिया और लाठी डंडों से हमला कर दिया।

घटना की सूचना पर कोतवाली पुलिस के एएसआई विजेंद्र कुमार और जाप्ता मौके पर पहुंचा। इस दौरान आरोपी तो भाग गए। पुलिस ने घायल धीरा को बाड़ी अस्पताल भर्ती कराया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल धौलपुर रेफर किया है।घटना को लेकर घायल धीरा के बुआ के लडक़े लोकेंद्र ने बताया गांव में धीरा के पिता की कुछ लोगों से पुरानी रंजिश चल रही है। इसी के चलते यह हमला हुआ है।

## खाजूवाला बॉर्डर क्षेत्र में शराब ठेकेदारों की मनमानी





बढ़ता राजस्थान

**खाजूवाला(दलीप नोखवाल)।** भारत-पाक सीमा से सटे खाजूवाला क्षेत्र में शराब ठेकेदारों की मनमानी अब खुलेआम चर्चा का विषय बन चुकी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यहां शराब की बिक्री पूरी रात जारी रहती है और नियमों को ताक पर रखकर कारोबार किया जा रहा है। सबसे चिंताजनक बात यह है कि ठेकेदार सीमाओं की रक्षा कर रहे बीएसएफ जवानों को भी शराब देने से नहीं हिचक रहे।

ग्रामीणों ने बताया कि बॉर्डर क्षेत्र होने के कारण यहां शराब बिक्री को लेकर सख्त नियम बने हुए हैं। लेकिन ठेकेदार इन नियमों की परवाह किए बिना बेधडक़ कारोबार कर रहे हैं। आधी रात को भी ठेकों पर शराब मिलना आम बात हो गई है।

ग्रामीणों का कहना है कि जवानों को शराब उपलब्ध कराना न केवल नियमों के खिलाफ है बल्कि यह सीमा सुरक्षा के लिहाज से भी बेहद गंभीर मुद्दा है। देश की चौकसी कर रहे जवान अगर शराब के आदी बनाए जाएंगे तो सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल खड़े होंगे।

लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि इस मामले की गंभीरता को समझते हुए तत्काल जांच कर कार्रवाई की जाए, ताकि खाजूवाला जैसे संवेदनशील बॉर्डर इलाके में नियमों की खुली अवहेलना पर लगाम लग सके।

## अग्रसेन जयंती महोत्सव का आगाज:प्रभात फेरी वैदिक यज्ञ के साथ प्रतिभा सम्मान

बढ़ता राजस्थान



**भुसावर (यतेन्द्र पाण्डेय)।** स्थानीय अग्रवाल समाज की ओर से अग्रसेन जयन्ती महोत्सव के अंतर्गत सोमवार 22 सितम्बर को प्रभात फेरी व वैदिक यज्ञ के आयोजन के साथ ही प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित किया गया।

प्रभात फेरी को अध्यक्ष विजय गुप्ता मंत्री प्रमोद सिंगला ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। महाराजा अग्रसेन के जय घोष के साथ कस्बे के विभिन्न मार्गो से वैदिक भजनों की प्रस्तुति करते हुए रैली का आयोजन हुआ

समाज के कोषाध्यक्ष राजकुमार बंसल व उपाध्यक्ष अंशु मित्तल ने जानकारी देते हुए बताया कि अग्रसेन जयन्ती महोत्सव के अंतर्गत जयंती संयोजक धर्मेन्द्र मित्तल, युवा संयोजक पंकज गर्ग, युवा अध्यक्ष नीतेश सिंघल व युवा मंत्री विवेक गर्ग के नेतृत्व में प्रातः सेठ मांगीलाल भडाके वाले अग्रवाल समाज भवन से प्रभात फेरी निकाली गई। अध्यक्ष विजय गुप्ता व मंत्री प्रमोद सिंघल ने प्रभात फेरी को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया तथा प्रभात फेरी में मौजूद 101 अग्रजनों में से पांच लकी ड्रॉ विनर रहे नरेश गोयल, जीतू गोयल, ताराचंद, मनोज सिंघल व बृजेश जिंदल को उपहार प्रदान किये।

## करणी माता मंदिर प्रांगण में राजपूत करणी सेवा समिति कार्यालय का शुभारंभ

बढ़ता राजस्थान



**खाजूवाला(दलीप नोखवाल)।** राजपूत करणी सेवा समिति के कार्यालय का सोमवार को करणी माता मंदिर प्रांगण में विधिवत रूप से शुरू हुआ। उद्घाटन वन विभाग के रेंजर रविंद्र जोधा ने किया। इस अवसर पर उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि राजपूत समाज की पहचान हमेशा पराक्रम, त्याग और सेवा भाव से रही है। समाज की एकता और सेवा कार्यों को आगे बढ़ाना ही समिति का मुख्य उद्देश्य होना चाहिए।

जोधा ने कहा कि करणी माता के आशीर्वाद से राजपूत समाज ने सदैव इतिहास रचा है और आने वाली पीढियों को भी यही प्रेरणा लेनी होगी। उन्होंने युवाओं से शिक्षा, संगठन और समाज हित में कार्य करने का आह्वान किया। इस मौके पर करणी माता मंदिर समिति अध्यक्ष श्योपाल सिंह शेखावत, सचिव भूपेंद्र सिंह शेखावत, कोषाध्यक्ष जयवीर सिंह तंवर, मोतीसिंह राठौड़, देवीसिंह शेखावत सहित समिति के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# सीता पंचवटी का निर्माण, दो हजार पौधे रोपे गए

बढ़ता राजस्थान



**खाजूवाला(दलीप नोखवाल)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस 17 सितम्बर से शुरू हुए सेवा पखवाड़े के तहत नगर वन खाजूवाला परिसर में पधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर विशेष रूप से सीता पंचवटी का निर्माण किया गया, जहां धार्मिक और पर्यावरणीय महत्व के पौधे लगाए गए।

कार्यक्रम के दौरान करीब दो हजार पौधों का रोपण किया गया। इनमें नीम, पीपल, बड़, आंवला सहित छायादार और फलदार पौधे शामिल रहे। पधारोपण के साथ ही पौधों की नियमित देखरेख और संरक्षण का संकल्प भी लिया गया। इस मौके पर बेरियावाली रेंज की क्षेत्रीय वन अधिकारी विजयलक्ष्मी मील, 61 हेड के क्षेत्रीय वन अधिकारी रविंद्र सिंह जोधा, नवरत्न कुलरिया, संतोष कुमारी, संतोष ढाका, रवीना, पुष्पा, देवी सिंह शेखावत सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे।

सेवा पखवाड़े के तहत चल रहे कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य जनसेवा, पर्यावरण संरक्षण और समाज को स्वच्छता, स्वास्थ्य व हरियाली का संदेश देना है। इसी क्रम में नगर वन खाजूवाला को हरा-भरा बनाने के लिए यह पधारोपण किया गया।

## जीएसटी घटाकर मोदी सरकार ने दिया दीपावली का तोहफ़ा - विधायक शंकर सिंह रावत



**बढ़ता राजस्थान ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** विधायक शंकर सिंह रावत ने सोमवार को ब्यावर के व्यापारी वर्ग के साथ बैठक कर कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दीपावली से पूर्व जीएसटी घटाकर देशवासियों को बड़ा उपहार दिया है। उन्होंने कहा कि इससे पहले किसी भी सरकार ने टैक्स कम करने का साहस नहीं दिखाया। जीएसटी घटने से हर वर्ग के लोगों को महंगाई से राहत मिलेगी।बैठक में निवर्तमान सभापति नरेश कनोजिया ने भी विचार रखे। इस अवसर पर जिला व्यापार संघ अध्यक्ष संजय घीया, पूर्व मुख्य सचेतक मंगत सिंह सहित अनेक व्यापारी मौजूद रहे। विधायक रावत ने सभी को नवरात्र पर्व की शुभकामनाएँ दीं।

## शाहपुरा अग्रवाल समाज द्वारा अग्रसेन जयंती धूमधाम से मनाई



बढ़ता राजस्थान

**शाहपुरा (कमलेश अग्रवाल)।** शाहपुरा (राजस्थान)। नवरात्रि के प्रथम दिन अग्रवाल समाज ने भगवान अग्रसेन जी महाराज की जयंती धूमधाम से मनाई। इस अवसर पर जगदीश मंदिर में समाजजनों ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना व सामूहिक आरती की तथा दान-पुण्य और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। अग्रसेन जी की शिक्षाओं को स्मरण करते हुए समाज ने समानता और समरसता का संदेश दिया। कार्यक्रम में राधेश्याम मंगल, शंकर अग्रवाल, दिनेश अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, राजकुमार अग्रवाल, कमलेश अग्रवाल, कैलाश गोयल, इच्छा राम अग्रवाल, लोकेश अग्रवाल, राजदीप अग्रवाल, अजय अग्रवाल, अनंत अग्रवाल, सूरज अग्रवाल, आयुष अग्रवाल सहित समाज के पदाधिकारी, महिला मंडल व बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

## भीलवाड़ा विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न योजनाओं पर 10 करोड़ के कार्यदेश जारी

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा ,(अमित शर्मा )** । भीलवाड़ा विधायक अशोक कोठारी ने विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न विकास योजनाओं पर लगभग 10 करोड़ के सार्वजनिक हित की विभिन्न योजनाओं के प्रस्ताव दिए जिस पर वित्तीय स्वीकृतियां होकर कार्यादेश जारी हो चुके है । विधायक कोठारी ने बताया कि क्षेत्र की जनता के लिए आवागमन सुलभ बनाने हेतु चित्रगुप्त सर्किल से पुर रोड वाया रिको सडक़ निर्माण पर 370 लाख, पार्श्वनाथ सर्किल से दादीधाम होते हुए पंचवटी सर्किल जमना बिहार तक 126 लाख, वार्ड न. 55 सांगानेर कॉलोनी में 44 लाख, वार्ड न.56 बालाजी का खेड़ा 44 लाख , महाराणा प्रताप गौशाला से काली मंगरी तक 40 लाख, वार्ड न 28 वकील कॉलोनी रोड पर 17.50 लाख, रामदेव कॉलोनी के पीछे महाकाल मंदिर तक 33 लाख, कीरखेड़ा ग्राम सडक़ 35 लाख, पटेल नगर विस्तार के पास लक्ष्मी नगर 35 लाख, अरिहंत नगर पटेल नगर विस्तार तक 70 लाख, वार्ड न.6 बीलिया में सडक़ों पर 33 लाख, उप नगर पुर की सडक़ों के लिए 35 लाख, मंगलपुरा की सडक़ों पर 35लाख, शारदा चौराहे के पास रूक्मणी एंक्लेव में सडक़ निर्माण पर 30 लाख, पीएफसी होटल के सामने की रोड आजादनगर में 25 लाख, पुर कालबेलिया बस्ती में सडक़ पर 25 लाख तथा महात्मा गांधी चिकित्सालय परिसर में सडक़ निर्माण पर 180 लाख की विधायक मद से वित्तीय स्वीकृति जारी की है जिनके कार्यादेश होकर सडक़ निर्माण प्रगति पर है।

## विधानसभा से लापता पूर्व मुख्यमंत्री अब जनता के हितैषी होने का कर रहे दिखावा - मेवाड़ा

बढ़ता राजस्थान



**भीलवाड़ा,(अमित शर्मा)।** भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को दूसरे जिलों की बजाय पहले अपने विधानसभा क्षेत्र की चिंता करनी चाहिए। शायद वो भूल गए कि जोधपुर के सरदारपुरा क्षेत्र की जनता ने कुछ समय पूर्व ही अशोक गहलोत लापता के पोस्टर शहर में चस्पा किए थे। फिर भी यदि उन्हें प्रदेश की इतनी चिंता है तो उन्हें जनता को बताना चाहिए कि वे मुख्यमंत्री पद से हटने के बाद लोकतंत्र के मंदिर राजस्थान विधानसभा से भी क्यों लापता हो गए ? उन्होंने जनहित से जुड़े मुद्दों पर विधानसभा में उपस्थित होकर सार्थक चर्चा में हिस्सा क्यों नहीं लिया ? यही नहीं, कांग्रेस के जो नेता सदन में उपस्थित रहे उन्होंने भी सदन को चलने नहीं दिया। कारण स्पष्ट है कि जनता के बीच जनाधार खो चुके कांग्रेस नेताओं के पास अब कोई काम नहीं बचा है, इसलिए वे जनता को गुमराह करने के लिए झूठी बयानबाजी कर जनता का हितैषी होने का दिखावा कर रहे हैं।

# हिन्दुस्तान जिंक के सहयोग से आयोजित दूसरी वेदांता जिंक सिटी हाफ मैराथन को अभूतपूर्व सफलता

बढ़ता राजस्थान



**चित्तौडग़ढ़ (संजय खाबिया)।** विश्व की सबसे बड़ी इंटीग्रेटेड जिंक निर्माता और टॉप 5 सिल्वर उत्पादकों में से एक, हिन्दुस्तान जिंक लिमिटेड द्वारा उदयपुर में दूसरे वेदांता जिंक सिटी हाफ मैराथन को अभूतपूर्व सफलता मिली। रन फोर जीरो हन्गर पहल के तहत हुए इस मैराथन में 27 राज्यों और दुनिया भर से 7 हजार धावकों ने भाग लिया। यह मैराथन स्वास्थ्य और नेक उद्देश्य का बेहतरीन संगम था। भारत की सबसे खूबसूरत एवं एआईएमएस द्वारा प्रमाणित वेदांता जिंक सिटी हाफ मैराथन के साथ उदयपुर में रविवार की सुबह उत्साह और उमंग से भरपूर थी। अल सवेरे जब इस मैराथन में शामिल होने वाले धावकों का जन समूह इसके उद्गम स्थल फिल्ड क्लब के लिए निकला तो शहर में हर तरफ दौड़ की ही चर्चा थी। मैराथन को उदयपुर सांसद मन्ना लाल रावत, विधायक उदयपुर शहर ताराचंद जैन, विधायक उदयपुर ग्रामीण फूल सिंह मीणा, जिला कलेक्टर नामित मेहता , हिन्दुस्तान जिंक के सीईओ अरुण मिश्रा, आयुक्त नगर निगम अभिषेक खन्ना, मुख्य वन संरक्षक सुनील छिद्रि, सीओओ किशोर एस, सीएफओ संदीप मोदी, हेड सीएसआर वेदान्ता अनुपम निधि, हेड कॉरपोरेट कम्युनिकेशन मैत्रेयी साँखला, हेड एक्सटर्नल अफेयर्स सौरव डिंडा, सचिव फील्ड क्लब उदयपुर उमेश मनवानी एवं एबीसीआर के मनोज सोनी ने झण्डी दिखा कर मैराथन के प्रतिभागियों को रवाना किया।

मैराथन में तीन श्रेणियां 21 किमी, 10 किमी और 5 किमी, में सभी उम्र और फिटनेस स्तर के धावकों को भाग लेने का मौका दिया। इस आयोजन की सबसे बड़ी बात यह थी कि समाज के हर तबके के लोगों ने इसमें हिस्सा लिया। प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने लोगों को फिटनेस की डोज, आधा घंटा रोज का मंत्र देकर, रोजमर्रा की जिंदगी में फिटनेस को शामिल करने के लिए प्रोत्साहित किया। हिन्दुस्तान जिंक के सीईओ, अरुण मिश्रा, जो खुद एक उत्साही मैराथन धावक भी हैं वेदांता जिंक सिटी हाफ मैराथन में हिस्सा लेकर 21 किमी की श्रेणी की दौड पूरी की। उन्होंने कहा कि, मैं यह देखकर बहुत खुश हूं कि वेदांता जिंक सिटी हाफ मैराथन ने उदयपुर को वैश्विक धावक मानचित्र पर ला खड़ा किया है।

### मैराथन में देवाराम, मदीना, रोहित और सूरज ने मारी बाजी

पुरुष वर्ग में 21 किलोमीटर की कड़ी प्रतिस्पर्धा में देवा राम ने जीत हासिल की, जबकि विनित कुमार ने प्रथम रनर अप का स्थान प्राप्त किया। महिला वर्ग में मदीना पॉल ने जीत हासिल की, जबकि सोनल सुखवाल ने प्रथम रनर अप और भूमि नेगी ने द्वितीय रनर अप का स्थान प्राप्त किया। पुरुष वर्ग में 10 किलोमीटर की चुनौती में रोहित बंसीवाल ने जीत हासिल की, जबकि सुरेश ने प्रथम रनर अप और घासीराम ने द्वितीय रनर अप का स्थान प्राप्त किया। महिला वर्ग में सूरज ने शीर्ष स्थान प्राप्त किया, जबकि उर्वशी पटेल ने प्रथम रनर अप और हिमानी ने द्वितीय रनर अप का स्थान प्राप्त किया। प्रत्येक फिनिशर को हिंदुस्तान जिंक द्वारा उत्पादित बेहतरीन जिंक से बना पदक दिया गया।

## के.डी. जैन स्कूल के खिलाड़ियों का धमाका - 25 स्वर्ण सहित 60 पदक जीतकर रचा इतिहास



बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** 69वीं जिला स्तरीय खेल-कूद प्रतियोगिता के दूसरे चरण में के.डी. जैन स्कूल के खिलाडियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 60 पदक अपने नाम किए, जिनमें 25 स्वर्ण पदक शामिल हैं। कुश्ती, बॉक्सिंग, कराटे, वुशु, जूडो, राईफल शूटिंग और शतरंज जैसे खेलों में विद्यार्थियों का दबदबा रहा।समारोह में निदेशक सुयश तातेड़ और सह-निदेशक हिमांशु तातेड़ ने विजेता खिलाडियों को सम्मानित किया और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। विद्यार्थियों ने विजय हासिल कर न केवल विद्यालय बल्कि पूरे जिले का नाम रोशन किया।

## अर्बन बैंक की प्रबंध निदेशक वन्दना वजीरानी को राष्ट्रीय स्तर पर

बढ़ता राजस्थान



**चित्तौडग़ढ़ (संजय खाबिया)।** चित्तौडगढ अरबन को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड, चितौडग़ढ़ की प्रबन्ध निदेशक वन्दना वजीरानी को गोवा में आयोजित एफसीबीए अवॉर्ड सेरेमनी-2025 में राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित समारोह में ''वुमेन लीडर ऑफ द ईयर'' से सम्मानित किया गया। यह अवार्ड होटल होली डे इन, गोवा में आयोजित किया गया। उक्त समारोह में मुख्य अतिथी सुभाष शिरोडकर, केन्द्रीय सहकारिता राज्य मंत्री, भारत सरकार, ज्योतिन्द्र भाई मेहता, अध्यक्ष अम्ब्रेला, सतीष मराठे, निदेशक भारतीय रिजर्व बैंक, बाबू नागर, एमडी बैंकिंग फ्रण्टियर, मनोज अग्रवाल, ग्रुप एडिटर बैंकिंग फ्रण्टियर उपस्थित रहे।

वन्दना वजीरानी ने कहा कि बैंक ने सदैव सहकारिता की भावना के साथ कार्य करते हुए आधुनिक तकनीकी अपनाते हुए ग्राहकों को श्रेष्ठतम् सेवाएं देने का प्रयास किया है और यही हमारी पूंजी है। उन्होने यह सम्मान अपनी मॉ श्रीमती ज्योति हासीजा को समर्पित किया।

महाप्रबन्धक प्रशासन जे.पी. जोशी ने बताया कि इस राष्ट्रीय स्तर कार्यक्रम के विशेष सत्र में प्रबन्ध निदेशक श्रीमती वन्दना वजीरानी ने भविष्य में अरबन को-ऑपरेटिव बैंकिंग क्षेत्र में डिजीटलीकरण के बारे में एवं बैंक की आय को बढ़ाने के स्त्रोतों के साथ दूर दृष्टि-दृष्टि एवं विकासशील लीडर से सीख पर अपने विस्तृत विचार व्यक्त किए।

बैंक अध्यक्ष डॉ. आई.एम. सेठिया, उपाध्यक्ष शिवनारायण मानधना, संचालक मण्डल सदस्यों एवं स्टॉफगणों ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे सहकारिता क्षेत्र में राज्य स्तरीय गौरव का विषय बताया।

## अजमेर के राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र में रोजगार मेले का आयोजन किया गया




बढ़ता राजस्थान

**अजमेर(मोहम्मद नज़ीर क़ादरी)।** माखुपुरा के सभागार में क्चशह्यद्ध कम्पनी संयुक तत्वावधान में अजमेर की विभिन्न तकनीकी एवं गैर तकनीकी कम्पनियों ने बेरोजगार युवाओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से एक विशाल रोजगार मेले का आयोजन किया गया, आयोजित रोजगार मेले का विधिवत रूप से पूजन इत्यादि करके शुभारम्भ किया गया,रोजगार मेले के शुभारम्भ कार्यक्रम में मुख्यतःअनिल कुमार शर्मा (उपनिदेशक ), गामिनी शर्मा (उपप्राचार्य) श्रवण कुमार सोनी (समूह अनुदेशक)औधोगिक प्रशिक्षण केंद्र अजमेर की ओर से एवं फारुख अहमद हरि प्रसाद कलीम खान, सुश्री योगिता गौर एवं महेंद्र जी ने बोश कम्पनी की ओर से प्रतिनिधित्व करते हुए कार्यक्रम का विधिवत, रोजगार मेले में आगन्तुक 30 विभिन्न कंपनियों को प्रतिनिधियों के साथ किया। आयोजित रोजगार मेले कार्यक्रम में ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन 600से अधिक रहे मेले में करीब 320 बेरोजगार युवाओं ने सम्पर्क किया तथा उनमें से 215 युवाओं ने डेस्क रजिस्ट्रेशन ऑफलाइन रूप से कराया जिनमे से 146 युवाओं को शार्ट लिस्टेड करके करीब 75 युवाओं के जॉब आफर लेटर तैयार करके भिजवाने की प्रकिया की गई।

## जैन स्थानक श्रावक संघ अध्यक्ष शंकरलाल नवलखा का आकस्मिक निधन

बढ़ता राजस्थान



**चौमहला(आबिद हुसैन)।** झालावाड़ जिले के चौमहला जैन स्थानक श्रावक संघ अध्यक्ष एवं धर्मप्रेमी भामाशाह शंकर लाल नवलखा का सोमवार को आकस्मिक निधन हो गया,उनके निधन का समाचार सुनते ही पूरे नगर में शोक की लहर फैल गई। जैन समाज के प्रतिष्ठान दोपहर तक बंद रहे। स्व शंकरलाल जी नवलखा सुधर्म जैन स्थानक श्रावक संघ के अध्यक्ष थे आप सुश्रावक थे प्रतिदिन सात आठ सामायिक करते थे उनका अधिकतम समय स्थानक में ही व्यतीत होता था,हर अष्टमी चौदस, पखी का उपवास करते थे,तथा साधु साध्वी की सेवा तथा अथिति सत्कार के लिए हमेशा तैयार रहते थे,रविवार को उनके उपवास था शाम को प्रतिक्रमण किया था सोमवार अल सुबह उनका निधन हो गया, कस्बे से उनके निवास से चक डोल यात्रा शुरू जो मुक्तिधाम पहुंची,शव यात्रा में बड़ी संख्या में कस्बेवासियों सहित ग्रामीणों ने भाग लिया। शंकरलाल नवलखा मूल रूप से चायडा गांव के निवासी थे कुछ सालों से चौमहला रह रहे थे,उनकी अंतिम यात्रा में चायडा गांव सहित आसपास के गावो बड़ी संख्या में ग्रामीण शरीक हुए।

चक डोल यात्रा में नागेश्वर पार्श्वनाथ तीर्थ पेढ़ी सचिव धर्मचंद जैन सुधर्म मालवा संघ अध्यक्ष रमेश चंद जैन,मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी राजेंद्र जैन, पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष गौतम जैन,व्याख्याता ओम प्रकाश शर्मा,संघ अध्यक्ष मनोहर ओसवाल,पूर्व सहित कई कस्बों शहरों से जैन श्री संघ ने भाग लिया।

# अजमेर युवा कांग्रेस का अनोखा विरोध प्रदर्शन - सडक़ों के गड्ढों पर खिले 'कमल' और लगी उप मुख्यमंत्री की तस्वीरें

बढ़ता राजस्थान



**अजमेर (नि.स.)।** अजमेर स्मार्ट सिटी परियोजना के अंतर्गत लगभग 2000 करोड़ रुपये की भारी लागत खर्च होने के बावजूद शहर की सडक़ों की दयनीय स्थिति से आमजन त्रस्त है। मुख्य मार्गों पर गहरे गड्ढे, जलभराव और दुर्घटना के खतरे लगातार बढ़ रहे हैं ।

इसी गंभीर समस्या को उजागर करने के लिए अजमेर युवा कांग्रेस ने सोमवार को अनोखे तरीके से विरोध प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने शहर की टूटी-फूटी सडक़ों और गहरे गड्ढों में कमल का फूल खिला कर और उन पर शहरी विकास उपमंत्री दिया कुमारी जी की तस्वीरें लगाकर सरकार की विफलता को प्रतीकात्मक रूप से सामने रखा।

युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष मोहित मल्होत्रा ने कहा कि 2000 करोड़ रुपये खर्च होने के बावजूद अजमेर की सभी छोटी बड़ी सडक़ें गड्ढों और ऊबड़ खाबड़ सडक़ में तब्दील हो गई हैं। यह जनता के साथ विश्वासघात है। उप मुख्यमंत्री के बड़े बड़े वादे झूठे साबित होते जा रहे। साथ ही जिस पर जिम्मेदार अधिकारियों को करोड़ों रुपए के खर्च का जवाब देना होगा कि आखिर जनता का पैसा कहां गया।

युवा कांग्रेस ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र ही शहर की सडक़ों की मरम्मत नहीं की गई तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा और आगामी दिनों में पीडब्लूडी विभाग का घेराव कर अधिकारियों के खिलाफ उग्र प्रदर्शन किया जाएगा।

युवा कांग्रेस ने प्रशासन और उपमुख्यमंत्री महोदय को चेताया है कि अगर सडक़ों की मरमत से पहले उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी अजमेर आती हे तो युवा कांग्रेस उनका कड़ा विरोध दर्ज कर काले झंडे दिखाएगी। विरोध प्रदर्शन करने वालों में पूर्व युवा कांग्रेस अध्यक्ष लोकेश शर्मा, प्रदेश सचिव अकबर हुसैन, शहर सचिव सागर मीणा, पंकज बैरवा, शाहबाज खान, अली नासिर, अमित जैन, फैजान हैदर, यश बुंदेल, राहुल रेसवाल, सलमान चीता, सद्दाम खान, अभिनव भटनागर, कार्तिक मीणा, दिग्विजय सिंह, गर्व बुंदेल, मुनींद्र मीणा, ओमप्रकाश मंडावरा, विक्रम चौहान, आदि पद अधिकारी उपस्थित रहे ।

# अमेरिका ने H-1B वीजा फीस बढ़ाई तो चीन लाया K-वीजा

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली, (एंजेन्सी)।** अमेरिका ने प्रोफेशनल्स के लिए H-1B वीजा की फीस करीब 6 लाख से बढ़ाकर 88 लाख कर दी है। इस बीच चीन ने नया 'K-वीजा' शुरू करने का ऐलान किया है। साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट के मुताबिक K-वीजा साइंस, टेक्नोलॉजी, इंजीनियरिंग, मैथ (STEM) से जुड़े युवाओं और स्किल्ड प्रोफेशनल्स के लिए है। यह 1 अक्टूबर, 2025 से जारी होगा। इन सब्जेक्ट्स में रिसर्च कर रहे कैंडिडेट भी K-वीजा के लिए आवेदन कर सकेंगे। खास बात यह है कि चीनी कंपनी से नौकरी का ऑफर न होने पर भी इस वीजा के लिए आवेदन कर सकेंगे। अमेरिका ने 21 सितंबर से H-1B वीजा फीस बढ़ा दी है। इससे प्रोफेशनल्स को अमेरिका जाने में मुश्किलें होंगी। ऐसे में चीन के K-वीजा को H-1B का विकल्प माना जा रहा है। ब्रिटेन 90 हजार की फीस जीरो कर सकता है इस बीच ब्रिटेन भी हाई स्किल्ड लोगों के लिए वीजा फीस खत्म करने पर विचार कर रहा है।
















स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस, हमीदपुरा रोड, खण्डवा, निवाई-टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/116 "प्रतीक्षा" सेक्टर-18, प्रताप नगर, सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित। संपादक-तनुजा पठान*, प्रबंधक संपादक-झाबर सिंह धायल (मो. 9828467603, जयपुर), प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय (मो. 9414242258, 9214048888)। फोन-0141-2796794, 2796795। ई-मेलः badhatarajasthan@yahoo.com। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार।